

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 2 अगस्त 2026

संवत 2083, श्रावण कृष्ण 4 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 319, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▸▸ सावन में कांवड का है विशेष महत्व

फैन ने रणवीर के साथ किया फ्लर्ट ◂◂ 6




## केरलम और कर्नाटक में बारिश-लैंडस्लाइड का तांडव, 9 लोगों की मौत, उत्तराखंड में हाईवे धंसा



**नई दिल्ली /एजेंसी:** देश के कई राज्यों में इस वक्त आसमान से आफत बरस रही है। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण हालात बेकाबू हो गए हैं और आम जनजीवन बुरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। दक्षिण में केरल से लेकर उत्तर में जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड तक बाढ़ और लैंडस्लाइड ने भारी तबाही मचा रखी है। कुदरत के इस भयानक प्रकोप के चलते अब तक कई लोगों की जान जा चुकी है और पहाड़ों पर दहशत का माहौल है।

केरल में बाढ़ और लैंडस्लाइड से हाहाकारः केरल में बारिश ने विकराल रूप ले लिया है। राज्य के कई हिस्सों में लैंडस्लाइड और बाढ़ की वजह से अब तक छह लोगों की दर्दनाक मौत हो चुकी है, जबकि छह अन्य लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। प्रशासन युद्ध स्तर पर बचाव कार्य में जुटा है। बेघर हुए लोगों की मदद के लिए सरकार ने 65 राहत शिविर स्थापित किए हैं, जहां अब तक 1,465 लोगों को सुरक्षित निकालकर पहुंचाया गया है।

**कर्नाटकः** गहरी नींद में सो रहे परिवार पर टूटा पहाड़ कुदरत का सबसे क्रूर चेहरा कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले में देखने को मिला है। रविवार सुबह यहां एक पहाड़ी खिसकने से हुए भारी लैंडस्लाइड में एक ही परिवार के तीन लोगों की जान चली गई। मृतकों की पहचान 35 वर्षीय मल्लिकार्जुन, उनकी 28 साल की पत्नी नागवेणी और महज 3 साल के मासूम बेटे संतोष के रूप में हुई है। दिल दहला देने वाली बात यह है कि जब यह हादसा हुआ, उस वक्त तीनों पहाड़ी की तलहटी में बने अपने घर में गहरी नींद में सो रहे थे।

जम्मू-कश्मीर में बादल फटने से मची भारी तबाहीः पहाड़ी राज्य जम्मू-कश्मीर में भी सैलाब ने लोगों की सांसें अटका दी हैं। किश्तवाड़ जिले के छतरू इलाके में शनिवार को अचानक बादल फटने से भयानक बाढ़ आ गई। पानी के तेज बहाव ने कई मकानों और दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। सड़कों पर मलबे का अंबार लग गया है और दो कारें तिनके की तरह बह गईं। किसी भी तरह के खतरे को टालने के लिए प्रशासन ने एहतियात के तौर पर किश्तवाड़, डोडा और रामबन के सभी स्कूलों को बंद रखने के सख्त निर्देश दिए हैं।

उत्तराखंड में हाईवे धंसा, 7 अगस्त तक भारी अलर्टः देवभूमि उत्तराखंड में भी लगातार हो रही बारिश से पहाड़ों का दरकना जारी है। उत्तरकाशी में यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर भयानक लैंडस्लाइड हुआ है, जिसने तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उधर, चमोली के गौचर के पास कमेड़ा में बद्रीनाथ हाईवे का करीब 20 मीटर लंबा हिस्सा अचानक धंस गया। इसके चलते हाईवे पर गाड़ियों की रफ्तार थम गई है और फिलहाल यातायात को वन-वे कर दिया गया है। मौसम विभाग ने सख्त चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि 7 अगस्त तक मौसम का मिजाज इसी तरह खतरनाक बना रहेगा।

जेपीएससी- जेएसएससी आंदोलन के बीच हाई वोल्टेज ड्रामा

# जयपाल सिंह स्टेडियम के पास देर रात टावर पर चढ़ा युवक, पत्नी को नौकरी नहीं मिलने से नाराजगी

### 8 घंटे बाद टावर से उतरा हीरालाल, कहा, पारिवारिक परेशानी, सरकार की नीतियों से परेशान होकर उठाया कदम

संवाददाता

**रांचीः** जेपीएससी में कथित गड़बड़ी को लेकर अभ्यर्थियों का आंदोलन जारी है। इसी बीच शनिवार देर रात करीब डेढ़ बजे धरनास्थल के पास जयपाल सिंह स्टेडियम स्थित मोबाइल टावर पर एक युवक चढ़ गया। इसके बाद अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई।

इसकी सूचना मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। थोड़ी देर में कोतवाली थाना की पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और युवक को सुरक्षित नीचे उतारने का प्रयास शुरू किया। टावर पर चढ़े युवक ने अपनी पहचान हीरालाल के रूप में बताते हुए खुद को बालूमाथ निवासी बताया। हीरालाल का कहना है कि उसकी पत्नी को नौकरी नहीं मिली है, जिससे वह बेहद परेशान है।




कोतवाली पुलिस पहुंची, देर रात तक उतारने का प्रयास जारी, सरकारी सिस्टम पर जताई नाराजगी

: घटनास्थल पर मौजूद पुलिसकर्मी और स्थानीय लोग लगातार उसे समझाने का प्रयास करते रहे। सभी उससे टावर से नीचे उतरने की अपील करते रहे, लेकिन वह अपनी मांगों पर अड़ा रहा और नीचे उतरने को तैयार नहीं हुआ। इस दौरान मौके पर लोगों की भीड़ लग गई और स्थिति को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक बार-बार सरकारी सिस्टम पर नाराजगी जताते हुए अपनी बात सुनने की मांग कर रहा था। पुलिस अधिकारी उससे लगातार बातचीत करते रहे और रविवार सुबह उसे टावर से नीचे उतारने में कामयाब हो गए।

## चतरा न्यायालय का एतिहासिक फैसला



**चतरा :** चतरा न्यायालय का एक फैसला जो कि लोगों के बीच कोताहूल का विषय बना हुआ है। पुलिस मुख्यालय जिस जमीन पर बना हुआ है उसकी मान्यता रद्द करते हुए वादी दुखी साव के पक्ष में फैसला दिया है। वादी के वकील विद्यानंद सिंह बताते है कि उनके वादी के जमीन पर बिना उनकी अनुमति के चतरा पुलिस मुख्यालय का निर्माण किया गया था तब उनके मुवक्किल दुखी साव के द्वारा वाद चतरा सिविल कोर्ट ने दायर किया गया दुखी साव बनाम झारखंड सरकार 2015 में। लगभग 11 सालों बाद न्यायालय ने सारे मामले की सुनवाई करने के बाद पक्ष व

विपक्ष दोनों की बात सुनने के बाद दुखी साव के पक्ष में अपना फैसला सुनाया जिससे वादी पक्ष काफी खुश है और उन्होंने न्यायालय पर अपना भरोसा जताया।

## ट्रंप का ऐलानः खत्म होगा ईरान युद्ध, समझौते की रूपरेखा तैयार, फिलहाल अमेरिकी हमले बंद



**वाशिंगटनः** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में दावा किया कि पश्चिम एशिया के सहयोगी देशों ने ईरान के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए एक समझौते की रूपरेखा पर सहमति बना ली है। उन्होंने कहा कि फिलहाल वह पांच महीने से जारी इस संघर्ष में ईरान पर नए सैन्य हमले का आदेश नहीं देंगे। ट्रंप ने शनिवार को कहा कि इस समझौते में "होर्मुज जलडमरूमध्य को तत्काल और पूरी तरह खोलना तथा ईरान के परमाणु खतरे का अंत शामिल होगा।" उन्होंने कहा, "इस अनुरोध के आधार पर मैंने दुनिया के भविष्य के हित में और साथ ही एक सफल एवं समृद्ध ईरान के अस्तित्व को ध्यान में रखते हुए, फिलहाल हमलों को रोकने पर सहमति दी है, बशर्ते कि शीघ्र ही कोई समझौता हो सके।"

ट्रंप ने यह भी कहा कि इजराइल ने ईरान के साथ ऐसा समझौता पूरा कराने के अमेरिकी प्रयासों में शामिल होने पर सहमति जताई है, जिससे युद्ध समाप्त हो सके। इससे पहले शनिवार को सऊदी अरब के शहजादे मोहम्मद बिन सलमान ने ट्रंप से फोन पर बातचीत के दौरान अमेरिका द्वारा ईरान पर नए हमले करने की आशंका पर चिंता व्यक्त की। दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत से परिचित एक व्यक्ति ने यह जानकारी दी। समाचार वेबसाइट 'एक्सियोस' ने सबसे पहले इस बातचीत की जानकारी दी। यह बातचीत ऐसे समय हुई जब ट्रंप ईरान पर नए सैन्य हमले करने पर विचार कर रहे थे। बातचीत से अवगत व्यक्ति ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि सऊदी अरब को आशंका है कि यदि अमेरिका, ईरान के ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाता है या अन्य प्रमुख बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर हमले करता है, तो तेहरान जवाबी कार्रवाई में सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों के ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमला कर सकता है। सूत्र के अनुसार, सलमान ने बातचीत के दौरान ट्रंप से यह स्पष्ट करने को कहा कि वह ईरान के खिलाफ किस प्रकार की नयी कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने नाम न उजागर करने की शर्त पर पुष्टि की कि दोनों नेताओं के बीच शनिवार को बातचीत हुई, लेकिन बातचीत की विषय-वस्तु के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। इस सप्ताह की शुरूआत में सऊदी अरब ने इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे कई रसद और हथियार ठिकानों पर हमले में अमेरिका का साथ दिया था। हालांकि, वह लगातार अमेरिका और ईरान से पांच महीने पुराने इस संघर्ष का समाधान निकालने के लिए फिर से बातचीत शुरू करने का आग्रह करता रहा है। सलमान ने अपने भाई और सऊदी रक्षा मंत्री खालिद बिन सलमान को भी बुधवार को वाशिंगटन भेजा था, जहां उन्होंने ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से अलग-अलग मुलाकात कर ईरान से संबंधित रणनीति पर चर्चा की। वहीं, ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की। फरवरी में युद्ध शुरू होने के बाद यह दोनों नेताओं की पहली आमने-सामने की बैठक थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नशा मुक्त युवा, विकसित भारत अभियान का किया शुभारंभ,कहा-

# 100 रविवार,100 मजबूत कदम जेन जी से किया सीधा संवाद

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नशा मुक्त युवा, विकसित भारत अभियान का शुभारंभ किया। यह 100 हफ्तों तक चलेगा, जिसका लक्ष्य युवाओं को नशे से दूर रखना और देश को विकसित बनाना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नशा मुक्त युवा, विकसित भारत अभियान की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि यह अभियान अगले 100 हफ्तों तक चलेगा और हर रविवार देशभर में नशा मुक्ति से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसका मकसद युवाओं को नशे से दूर रखना और उन्हें समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित करना है।

पीएम मोदी ने कहा कि सरकार मादक पदार्थों की तस्करी और नशे के कारोबार पर लगातार कड़ी कार्रवाई कर रही है।

आज सरकार मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान में युवाओं के साथ मजबूती से खड़ी है। देश में मादक पदार्थों की तस्करी और दुरुपयोग के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है; पहले की तुलना में कई गुना अधिक गिरफ्तारियां हुई हैं और हजारों करोड़ रुपये की मादक वस्तुएं जब्त की गई हैं। यह दर्शाता है कि हमारी सरकार मादक पदार्थों के खिलाफ कितने सख्त है- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



**हर रविवार होगा नशा मुक्त भारत की ओर एक कदमः** पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा देशभर के लाखों युवाओं ने नशे से दूर रहने का संकल्प लिया है और यह अभियान इस संकल्प को और मजबूत करेगा। आने वाले 100 रविवार नशा मुक्त भारत की दिशा में 100 मजबूत कदम होंगे। पीएम मोदी ने युवाओं को देश की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनाने में उनकी सबसे अहम भूमिका होगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर परिवार का कोई सदस्य नशे की लत का शिकार हो जाए तो उसे सामाजिक बदनामी के डर से छिपाने की बजाय इलाज कराना चाहिए। उन्होंने माता-पिता से बच्चों के साथ खुलकर बातचीत करने की भी अपील की ताकि वे गलत रास्ते पर जाने से पहले ही संभल सकें।

जब कोई युवा नशे की लत का शिकार हो जाता है, तो केवल उस व्यक्ति का ही नुकसान नहीं होता, एक सपना टूट जाता है। शत्रु राष्ट्र साजिश रचते हैं और हमारे युवाओं को नशे के जाल में घसीटने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ते। हमारे जैसे देश को तबाह करने के उद्देश्य से नशीले पदार्थों की आपूर्ति से मुनाफा कमाना उनकी आतंक-प्रेरित योजनाओं का हिस्सा है। हमें हमेशा यह याद रखना चाहिए, अगर हमारे घर का कोई बच्चा नशे का शिकार हो गया है, तो इसे सामाजिक प्रतिष्ठा की आड़ में न छिपाएं। जरूरत पड़ने पर मदद लें- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से भी की अपीलः** प्रधानमंत्री ने शिक्षकों और प्रोफेसरों से कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों को नशे के नुकसान के बारे में भी जागरूक करें और कैंपस में नशा मुक्ति अभियान चलाएं। पीएम मोदी ने बताया कि इस अभियान से देशभर के स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, एनएसएस और माई भारत के स्वयंसेवकों सहित एक करोड़ से ज्यादा युवा जुड़े हैं।

सिंधु जल समझौते पर राजदूत क्वात्रा ने पाकिस्तान को दिखाया आईना

# अब खून और पानी एक साथ नहीं बहेंगे



**वाशिंगटन/एजेंसीः** दशकों से भारत की दरियादिली का अनुचित लाभ उठा रहे पाकिस्तान को अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उसी की भाषा में जवाब मिलना शुरू हो गया है। सिंधु जल समझौते (आईडब्ल्यूटी) के स्थगन को लेकर पाकिस्तान द्वारा मचाए जा रहे हो-हल्ले के बीच, अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने उसे आईना दिखाया है। एक प्रतिष्ठित पत्रिका में लिखे गए अपने लेख के जरिए क्वात्रा ने दो टूक शब्दों में साफ कर दिया है कि जिस समझौते की बुनियाद दोस्ती और सद्भावना पर रखी गई थी, उसे खुद पाकिस्तान ने अपनी आतंकी हरकतों और लगातार युद्ध थोपकर जमींदोज कर दिया है।

सद्भावना का सिला पाकिस्तान ने आतंकवाद से दियाः भारतीय राजदूत ने स्पष्ट किया कि पिछले साल 23 अप्रैल को भारत ने सिंधु जल समझौते को स्थगित करने का जो फैसला लिया था, वह अचानक नहीं था बल्कि पाकिस्तान के कुकृत्यों का ही परिणाम था। यह फैसला पहलगाम में हुए उस खौफनाक आतंकी हमले के ठीक एक दिन बाद लिया गया था, जिसमें पाकिस्तान पोषित आतंकियों ने 26 निर्दोष लोगों की जान ले ली थी। क्वात्रा ने याद दिलाया कि 1960 में हुआ यह समझौता पूरी तरह से असमान था, जिसमें भारत को केवल 20 प्रतिशत पानी मिला जबकि पाकिस्तान ने 80 प्रतिशत पानी पर कब्जा जमाया। इस असमानता ने दशकों तक भारतीय क्षेत्रों के विकास को रोके रखा, फिर भी भारत ने पूरी ईमानदारी से समझौते का पालन किया। लेकिन, बदले में पाकिस्तान ने 1965, 1971 और 1999 के युद्ध दिए और संसद हमले से लेकर मुंबई, उरी, पुलवामा और 2025 के पहलगाम हमले तक लगातार खून-खराबा किया।

**रोड़े अटकाने की आदत और भारत का कड़ा रुखः** विनय मोहन क्वात्रा ने पाकिस्तान की उस चालाकी को भी उजागर किया जिसके तहत उसने भारत की हर पनबिजली परियोजना और विकास कार्य में अड़ंगेबाजी की। बदलते समय और तकनीक की जरूरतों को देखते हुए जब भी भारत ने इस छह दशक पुराने समझौते की शर्तों पर पुनर्विचार करने की पहल की, पाकिस्तान ने अपनी हठधर्मिता दिखाते हुए उसे हमेशा खारिज कर दिया। राजदूत ने कहा कि पाकिस्तान ने धीरे-धीरे वह विश्वास ही खत्म कर दिया जिसके दम पर इस संधि का वजूद टिका था। उन्होंने उन लोगों को भी कड़ी नसीहत दी जो आज भी दोनों देशों के बीच वार्ता की वकालत करते हैं। उनका मानना है कि इतिहास से सबक लिए बिना बार-बार एक ही नाकाम कोशिश करना और अलग नतीजों की उम्मीद करना समझदारी नहीं है।

**आतंक और बातचीत कभी एक साथ नहीं चल सकते :** राजदूत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कड़े शब्दों को दोहराते हुए भारत का वर्तमान रुख पूरी दुनिया के सामने स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि आतंक और बातचीत कभी एक साथ नहीं चल सकते और ना ही पानी और खून एक साथ बह सकते हैं। पाकिस्तान में पनपे भीषण जल संकट पर प्रहार करते हुए क्वात्रा ने कहा कि यह भारत की नहीं, बल्कि इस्लामाबाद में बैठी सरकार के कुप्रबंधन की देन है। उन्होंने पाकिस्तान को नसीहत दी कि भारत के खिलाफ सम्मेलन आयोजित करने और खोखली धमकियां देने के बजाय वह अपनी पानी की बबार्दी और बदहाली को सुधारे। अपनी हर घरेलू नाकामी का ठीकरा भारत पर फोड़ने की पाकिस्तान की आदत अब बहुत पुरानी हो चुकी है और पूरी दुनिया को अब इसके खिलाफ स्पष्ट रूप से अपनी आवाज उठानी चाहिए।

गृह मंत्रालय का फर्जी अफसर बन करोड़ों की ठगी

## निलंबित आईएएस के खाते में भी पहुंचा पैसा, ईडी ने जब्त किए 1.12 करोड़

**अगरतला /एजेंसीः** सरकारी विभागों से मिलते-जुलते नाम वाली फर्जी कंपनियां बनाकर और खुद को गृह मंत्रालय का वरिष्ठ अधिकारी बताकर निवेशकों से करोड़ों रुपये ठगने वाले एक बड़े गिरोह पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कड़ा शिकंजा कसा है। इस हाई-प्रोफाइल मामले में त्रिपुरा कैडर के एक निलंबित आईएएस अधिकारी अभिषेक चंद्रा भी जांच के घेरे में आ गए हैं। ईडी के अगरतला उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए सस्पेंड आईएएस समेत अन्य आरोपियों के 1।12 करोड़ रुपये के बैंक बैलेंस को कुर्क कर लिया है।

**सरकारी टेंडर का लालच देकर ऐसे रची गई साजिशः** ईडी की जांच में सामने आया है कि इस पूरे फर्जीवाड़े का मुख्य आरोपी उत्पल कुमार चौधरी है। उसने खुद को गृह मंत्रालय का एक बड़ा अधिकारी बताते हुए फर्जी पहचान पत्रों का खुलेआम इस्तेमाल किया। उसने ह्यउच्च शिक्षा निदेशालय, त्रिपुराह्ल जैसी सरकारी संस्थाओं और सार्वजनिक उपक्रमों से मिलते-जुलते नाम वाली कई फर्जी कंपनियां बनाईं। इसके अलावा उसने चालताखली स्वामीजी सेवा संघ नामक एक पंजीकृत ट्रस्ट पर भी धोखे से कब्जा कर लिया। इन्हीं फर्जी संस्थाओं की आड़ में उसने सरकारी टेंडर, मिड-डे मील सप्लाई कॉन्ट्रैक्ट और रबर के व्यापार में भारी मुनाफे का लालच देकर कई कारोबारियों और निवेशकों से करोड़ों रुपये अपने बैंक खातों में ट्रांसफर करवा लिए।

**शेल कंपनियों के जरिए ठिकाने लगाया गया ठगी का पैसाः** जांच एजेंसी के अनुसार, अपराध से कमाई गई इस रकम को उत्पल चौधरी और उसके सहयोगियों द्वारा संचालित शेल (फर्जी) कंपनियों के एक बड़े जाल के जरिए इधर-उधर किया गया। इस पैसे का एक बड़ा हिस्सा नकद निकाल लिया गया, जबकि बाकी रकम को आरोपियों और उनके परिवार वालों के नाम पर संपत्तियां और वाहन खरीदने में लगा दिया गया। पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा में धोखाधड़ी, जालसाजी और फर्जीवाड़े को लेकर दर्ज हुई कई एफआईआर के आधार पर ईडी ने इस मनी लॉन्ड्रिंग मामले की तफ्तीश शुरू की थी।

**निलंबित आईएएस अधिकारी तक पहुंचा घोटाले का पैसाः** इस पूरे गोलमाल में त्रिपुरा कैडर के निलंबित आईएएस अभिषेक चंद्रा की भूमिका भी सामने आई है। जांच में यह सनसनीखेज खुलासा हुआ है कि घोटाले की यह रकम सीधे उनके निजी बैंक खातों में भी पहुंची थी।

# ओमान में फंसी सिमडेगा की बेटी की वतन वापसी मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूरा हुआ रेस्क्यू मिशन





**संवाददाता**

**रांचीः** मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप से ओमान में फंसी झारखंड की प्रवासी श्रमिक प्रीति कुजूर की घर वापसी का रास्ता साफ हो गया है। सोशल मीडिया पर मामला सामने आने के बाद राज्य सरकार ने तत्काल कार्रवाई की और भारतीय दूतावास के सहयोग से प्रीति की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की। प्रीति 1 अगस्त 2026 को भारत के लिए रवाना हो चुकी हैं और 2 अगस्त को अपने घर झारखंड पहुंचेंगी।

**मुख्यमंत्री के निर्देश पर शुरू हुई त्वरित कार्रवाईः** रांची में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर ओमान (मस्कट) में फंसी झारखंड के सिमडेगा जिले की प्रवासी श्रमिक प्रीति कुजूर की सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित कर ली गई है। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित राज्य प्रवासी श्रमिक नियंत्रण कक्ष ने भारतीय दूतावास (मस्कट) के साथ समन्वय स्थापित कर पूरे मामले का समाधान कराया। प्रीति 1 अगस्त 2026 को भारत के लिए रवाना हो चुकी हैं और 2 अगस्त को अपने घर झारखंड पहुंचेंगी।

**सोशल मीडिया पर मामला आने के बाद सरकार हुई सक्रियः** जानकारी के अनुसार, सोशल मीडिया के माध्यम से मामला सामने आने के बाद मुख्यमंत्री ने इसे गंभीरता से लिया और राज्य प्रवासी श्रमिक नियंत्रण कक्ष को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद नियंत्रण कक्ष ने 23 जून 2026 को प्रोटेक्टर ऑफ एमिग्रेंट्स (पीओई), रांची और भारतीय दूतावास, मस्कट को पत्र भेजा। अगले ही दिन भारतीय दूतावास ने प्रीति कुजूर से संपर्क स्थापित कर उनकी सहायता की प्रक्रिया शुरू कर दी।

**दुबई की नौकरी का झांसा देकर ओमान भेजा गयाः** सिमडेगा जिले के ठेठईटांगर प्रखंड के मरारोमा गंझूटोली निवासी रंतु कुजूर ने 19 जून 2026 को अपनी बहन की सुरक्षित वापसी के लिए सरकार से मदद की अपील की थी।

परिजनों के अनुसार, मार्च 2026 में एक एजेंट ने प्रीति को दुबई में 45 से 50 हजार रुपये मासिक वेतन वाली नौकरी का झांसा दिया था। लेकिन उन्हें धोखे से ओमान भेज दिया गया। वहां उनसे तय वेतन से कम राशि पर काम कराया गया। जब उन्होंने भारत लौटने की इच्छा जताई तो कंपनी ने वापसी के बदले भारी रकम की मांग कर दी। परिवार ने 1.92 लाख रुपये देने के बावजूद उन्हें वापस नहीं भेजा गया।

**सरकारी हस्तक्षेप से कम हुई मांग, लौटाए गए दस्तावेजः** कंपनी मालिक ने दो वर्ष का अनुबंध पूरा होने से पहले प्रीति को वापस भेजने के लिए 950 ओमानी रियाल की मांग की थी।

राज्य प्रवासी श्रमिक नियंत्रण कक्ष और भारतीय दूतावास के हस्तक्षेप के बाद यह राशि घटाकर 600 ओमानी रियाल कर दी गई। निर्धारित राशि जमा होने के बाद कंपनी ने प्रीति कुजूर का पासपोर्ट और अन्य मूल दस्तावेज वापस कर दिए, जिससे उनकी सुरक्षित घर वापसी का रास्ता साफ हो गया।

**प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकताः** राज्य सरकार ने कहा कि देश और विदेश में कार्यरत झारखंड के श्रमिकों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा सरकार की प्राथमिकता है। किसी भी संकट की स्थिति में राज्य प्रवासी श्रमिक नियंत्रण कक्ष लगातार सक्रिय रहकर जरूरतमंद श्रमिकों को हर संभव सहायता उपलब्ध करा रहा है।

## मानव तस्करी की शिकार खूंटी की युवती का दिल्ली से किया गया रेस्क्यू

**रांचीः** झारखंड के एक मानव तस्कर को शनिवार सुबह दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। इस अभियान के दौरान मानव तस्करी की शिकार खूंटी जिला की एक लड़की को भी सुरक्षित रेस्क्यू किया गया।

झारखंड सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र, झारखंड भवन, नई दिल्ली के समन्वय से चाईबासा पुलिस, दिल्ली पुलिस और एक स्थानीय एनजीओ की संयुक्त कार्रवाई में ये सफलता हासिल हुई है।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार मानव तस्कर के विरुद्ध चाईबासा में वर्ष 2023 से मानव तस्करी के अनेक मामलों में प्राथमिकी दर्ज थी तथा न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया गया था। चाईबासा पुलिस पूर्व में कई बार दिल्ली आकर आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास कर चुकी थी लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

इस बार चाईबासा पुलिस, दिल्ली पुलिस, एक स्थानीय एनजीओ तथा एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र की संयुक्त रणनीति के तहत पिछले दो-तीन दिनों से आरोपी के संभावित ठिकानों एवं आसपास के क्षेत्रों की लगातार रेकी की जा रही थी। इसी क्रम में शनिवार सुबह लगभग 6 बजे आरोपी को उसके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया गया।




गिरफ्तारी के बाद आरोपी को स्थानीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से चाईबासा पुलिस को चार दिनों की रिमांड प्राप्त हुई है। इसी कार्रवाई में एक अन्य मानव तस्कर की गिरफ्तारी भी की गई, जिसके घर से खूंटी जिला की एक लड़की को बरामद किया गया है। इस लड़की को दिल्ली के सुभाष प्लेस थाना क्षेत्र से सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। लड़की का चिकित्सीय परीक्षण कराया जा चुका है तथा वर्तमान में उसे सुरक्षित गृह में रखा गया है। निर्धारित प्रक्रिया के तहत बालिका को बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि उसके सुरक्षित पुनर्वास की आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

**मानव तस्करी के मामलों में विभाग की नीति पूर्णतः जीरो टॉलरेंस :** उमाशंकर सिंह महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह ने कहा कि मानव तस्करी के मामलों में विभाग की नीति पूर्णतः जीरो टॉलरेंस की है। उन्होंने राज्य के सभी जिलों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ऐसे किसी भी मामले की सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही संबंधित जिलों के जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि आवश्यक होने पर तत्काल संयुक्त टीम बनाकर नई दिल्ली भेजी जाए, ताकि पीड़ित बच्चों एवं महिलाओं को सुरक्षित रेस्क्यू कर उनके गृह जनपद में पुनर्वासित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि पुनर्वास के उपरांत पीड़ित बच्चों को झारखंड सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा तथा उनकी सतत निगरानी भी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे वे दोबारा मानव तस्करी के जाल में न फंसें। महिला एवं बाल विकास विभाग मानव तस्करी के विरुद्ध लगातार संवेदनशील एवं सक्रियता के साथ कार्य कर रहा है इसी का परिणाम है कि अब तक मानव तस्करी के शिकार झारखंड के सैकड़ों बच्चों एवं महिलाओं का सुरक्षित रेस्क्यू कर उनका सफल पुनर्वास किया जा चुका है। साथ ही उन्हें राज्य सरकार की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी उपलब्ध कराया गया है।



## बीजीएच में विश्व स्तनपान सप्ताह शुरू

**बोकारो :** बीएसएल के बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) में 1 अगस्त से 'विश्व स्तनपान सप्ताह' का शुभारंभ किया गया। शिशु रोग व स्त्री रोग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजनों को स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूक करना है। ताकि आने वाली पीढ़ी का शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जा सके। मौके पर अधिशासी निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) सहित मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अस्पताल के अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

नर्सिंग स्कूल की छात्राओं ने आकर्षक पोस्टरों, स्लोगन व मॉडलों के माध्यम से स्तनपान के वैज्ञानिक व स्वास्थ्य संबंधी पहलुओं को प्रदर्शित किया। गर्भवती महिलाओं व माताओं को नवजात शिशु के लिए स्तनपान के लाभों से अवगत कराया गया।

### कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर गिरिडीह पुलिस अलर्ट

## एसपी ने कांवड़ियों के लिए होटल संचालकों को दिया विशेष निर्देश

**संवाददाता**

**गिरिडीहः** बाबा भोले का महीना चल रहा है। लाखों भक्त बाबाधाम जा रहे हैं। गिरिडीह के अलग-अलग इलाके से होते हुए भी कांवड़ियों का जत्था बाबाधाम जा रहा है। इसे देखते हुए जिला पुलिस अलर्ट पर है, क्योंकि यह जिला आपराधिक दृष्टिकोण से संवेदनशील रहा है। कुछ साल पहले के समय में अंधेरा होने के बाद कांवड़ियों को टारगेट करने का काम असामाजिक तत्व के साथ-साथ अपराधी करते रहे हैं।

हालांकि, हाल के सालों में ऐसी घटनाएं नहीं हुई हैं। इसके बावजूद जिला पुलिस सुरक्षा को लेकर अलर्ट है। खुद एसपी डॉ बिमल कुमार रात में मुख्यालय से दुरुस्त इलाके में निकल रहे हैं। जहां भी कांवड़ियां मिल रहे हैं, उनसे बात करके सुरक्षा का



जायजा लिया जा रहा है। वहीं, अधीनस्थ अधिकारियों को भी विशेष निर्देश दिया गया है।

**एसपी ने जमीन पर सोए कांवड़ियों से की बातः** शनिवार देर रात गिरिडीह एसपी डॉ बिमल कुमार गिरिडीह-डुमरी पथ पर निकले। इस दौरान उन्होंने बराकर के पास होटल मालिकों से होटल बंद होने के समय के बारे में पूछा। फिर उनसे देर रात तक अपने होटल खुले रखने की अपील की। इस दौरान मौजूद ??एसडीपीओ जीतबाहन उरांव और मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो को सुरक्षा को लेकर निर्देश दिए। इसके बाद वे डुमरी पहुंचे और प्रेस क्लब डुमरी द्वारा लगाए गए सेवा शिविर में शामिल हुए।

यहां के बाद डुमरी एसडीपीओ आबिद खान, निमियाघाट थाना प्रभारी सुमन कुमार, डुमरी थाना प्रभारी श्रीकांत के साथ डुमरी चौक पहुंचे और अधिकारियों को विशेष निर्देश दिया। इसके बाद एसपी चिरकी पहुंचे। जहां चिरकी पेट्रोल पंप के पास जमीन पर सोए उत्तर प्रदेश के कांवड़ियों से बात की। वहीं, मौके पर मौजूद पीरटांड थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह को इन कांवड़ियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया।

**रात 12 से 4 तक विशेष सतर्कता बरतने का निर्देशः** एसपी ने साफ कहा कि अंधेरा होने के बाद भी अलर्ट रहना है। साथ ही साथ रात 12 से 4 तक विशेष सतर्कता बरतनी है। इस दौरान अधिकारी के साथ जवान भी पूरी तरह से मुस्तैद रहेंगे। एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि गिरिडीह के बड़े इलाके से होकर कांवड़ियों का जत्था गुजरता है। ऐसे में इनकी सुरक्षा महत्वपूर्ण है। सुरक्षा को लेकर सभी एसडीपीओ, डीएसपी, इंस्पेक्टर और थानेदार को विशेष निर्देश दिया गया है। रात 12 से सुबह 4 तक विशेष चौकसी बरती जा रही है।

## दो लाख के ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**चतराः** पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार की शाम इटखोरी थाना क्षेत्र के भुरकुंडा जंगल के पास से पुलिस ने पांच ग्राम ब्राउन सुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। एसपी श्री नैथानी को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि भुरकुण्डा जंगल दारीदाग मोड़ स्थित पुल के समीप कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध ब्राउन शुगर का खरीद बिक्री किया जाने वाला है। इस सूचना के आधार पर डीएसपी (मु) सुनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में ईटखोरी थाना पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए भुरकुण्डा जंगल दारीदाग मोड स्थित पुल के आस पास छापामारी कर अवैध ब्राउन शुगर खरीद बिक्री करता हुआ पीतीज गांव के एक तस्कर राजु कुशवाहा( 24 वर्ष) पिता अरुण दांगी को पकडा गया। गिरफ्तार तस्कर के पास से काला प्लास्टिक में रखा हुआ एक कागज का पुड़िया में पांच ग्राम अवैध ब्राउन शुगर एवं एक सैमसंग का कीपेड मोबाईल जप्त किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति से पुछताछ के क्रम में अवैध ब्राउन शुगर में संलिप्त व्यक्तियों का नाम बताया गया है।तस्कर से पुछ ताछ की जा रही है। बरामद ब्राउन सुगर का अनुमानित मूल्य दो लाख रु है। गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध ईटखोरी थाना कांड सं0 95/26 दिनांक 31.07.2026 धारा 21 (बी)/ 22 (बी) / 29 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और न्यायिक हिरासत में भेजने का कार्य किया जा रहा है। छापामारी टीम में डीएसपी (मु) सुनील कुमार सिंह,पुअनि सह इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह,सअनि पंकज कुमार, ईटखोरी थाना,सअनि बिदेश कुमार पाण्डेय, ईटखोरी थाना एवं ईटखोरी थाना के सशस्त्र बल एवं पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय के अंगरक्षक शामिल थे।

## झारखंड में बस परमिट व्यवस्था के ठप होने के कारण 200 से अधिक बसों का संचालन प्रभावित, आंदोलन की चेतावनी



**रांची :** झारखंड में बस परिवहन व्यवस्था प्रशासनिक सुस्ती के कारण गंभीर संकट का सामना कर रही है। राज्य में बस परमिट जारी करने और पुराने परमिटों के नवीनीकरण की प्रक्रिया लंबे समय से लंबित रहने से सैकड़ों बसों का परिचालन प्रभावित हो गया है।

इस स्थिति से नाराज झारखंड प्रदेश बस ओनर्स एसोसिएशन ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो राज्यभर में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा।

एसोसिएशन के अनुसार पिछले करीब तीन वर्षों से परमिट संबंधी मामलों का समय पर निपटारा नहीं हो रहा है। इसका सीधा असर 200 से अधिक बसों के संचालन पर पड़ा है। परमिट न मिलने के कारण कई बसें सड़क पर नहीं उतर पा रही हैं, जिससे बस मालिकों को लगातार आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रदेश अध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह ने आरोप लगाया कि राज्य परिवहन प्राधिकरण (एसटीए) और क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) की कार्यप्रणाली सुस्त होने के कारण परमिट से जुड़े मामलों का निष्पादन ठप पड़ा है। उन्होंने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत परमिट आवेदनों का तय समय सीमा के भीतर निस्तारण होना चाहिए और परिवहन प्राधिकरण की नियमित बैठकें भी अनिवार्य हैं, लेकिन इन नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है।

बस संचालकों का कहना है कि वाहन खड़े रहने के बावजूद उन्हें मोटर वाहन कर, बीमा प्रीमियम और अन्य खर्चों का भुगतान करना पड़ रहा है। इससे आर्थिक संकट और गहरा गया है।

एसोसिएशन ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर राज्यपाल, परिवहन मंत्री, उद्योग मंत्री, मुख्य सचिव, परिवहन सचिव समेत कई अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। प्रदेश अध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह के साथ कुमार पांडेय, कृष्ण कुमार दुबे, प्रसेन्नजीत बनर्जी और राजेश कुमार ने कहा कि यदि परमिट प्रक्रिया जल्द शुरू नहीं की गई तो बस मालिक व्यापक आंदोलन करेंगे। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि स्थिति में सुधार नहीं होने पर कई संचालक अपने वाहनों का परमिट निरस्त कराकर अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेकर पड़ोसी राज्यों में बसों का संचालन शुरू करने पर मजबूर होंगे।

### मैनेजिंग डायरेक्टर के आदेश को जेब में लेकर घूम रहा हेल्थ मैप

# 16 जुलाई तक मिला था सेवा विस्तार, फिर भी अस्पताल परिसर में डटी है निजी एजेंसी

### मरीजों से वसूली पर उठे सवाल

**संवाददाता**

**चतराः** सदर अस्पताल में पीपीपी मोड पर रेडियोलॉजिकल (एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड) सेवाएं संचालित करने वाली निजी एजेंसी हेल्थ मैप डायग्नोस्टिक प्राइवेट लिमिटेड की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। आरोप है कि सेवा विस्तार की निर्धारित अवधि समाप्त होने के बावजूद एजेंसी अस्पताल परिसर में रहकर एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड जांच का संचालन कर रही है, जिससे मरीजों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेएमआईडीसी) के मैनेजिंग डायरेक्टर द्वारा पत्रांक-565, दिनांक 27 अप्रैल 2026 के माध्यम से हेल्थ मैप डायग्नोस्टिक




प्राइवेट लिमिटेड को केवल 16 जुलाई 2026 तक सेवा विस्तार प्रदान किया गया था। आदेश में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि निर्धारित अवधि के बाद दी गई सेवाओं का भुगतान मान्य नहीं होगा। इसके बावजूद एजेंसी द्वारा अस्पताल परिसर में एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड सेवाएं लगातार संचालित किए जाने से कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि जब सेवा विस्तार की अवधि समाप्त हो चुकी है, तो आखिर किस आदेश के आधार पर एजेंसी अब भी काम कर रही है।

**कई बार खाली करने का दिया गया निर्देशः** अस्पताल प्रशासन ने भी इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए 27 अप्रैल 2026 और 2 मई 2026 को सदर अस्पताल के उपाधीक्षक के माध्यम से संबंधित एजेंसी को कई बार आवंटित कमरा खाली करने का निर्देश दिया। बावजूद इसके एजेंसी अब तक अस्पताल परिसर में जमी हुई है और आदेशों की अनदेखी कर रही है।

इस पूरे मामले ने सरकारी व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि सेवा विस्तार की अवधि समाप्त होने के बाद भी निजी एजेंसी अस्पताल में कार्यरत है, तो इसकी प्रशासनिक जिम्मेदारी किसकी है, यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों की निगाहें जिला स्वास्थ्य प्रशासन पर टिकी हैं: सभी को इंतजार है कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है, नियमों का पालन कैसे सुनिश्चित करता है और मरीजों को समय पर वैध एवं नियमानुसार जांच सुविधा कैसे उपलब्ध कराई जाती है।

# अंजुमन इस्लामिया लीगल सेल की पहल से सुलझ रहे पारिवारिक विवाद, कई मामलों का हुआ आपसी समझौता

**गुलाम शाहिद**

**रांची:** अंजुमन इस्लामिया लीगल सेल की ओर से आयोजित साप्ताहिक मध्यस्थता (मीडिएशन) बैठक में रविवार को कई पारिवारिक एवं सामाजिक विवादों की सुनवाई की गई। लीगल सेल के सदस्यों ने दोनों पक्षों की बात सुनकर आपसी सहमति से कई मामलों का समाधान कराया।



इस अवसर पर लीगल सेल की ओर से लोगों से अपील की गई कि यदि उनके मोहल्ले या आसपास किसी परिवार में ऐसा विवाद हो, जिसके थाना या न्यायालय तक पहुंचने की आशंका हो, तो उसे पहले अंजुमन इस्लामिया लीगल सेल के समक्ष लाया जाए। लीगल सेल का उद्देश्य आपसी बातचीत और मध्यस्थता के माध्यम से विवादों का शांतिपूर्ण समाधान कराना है, जिससे संबंधित परिवारों का समय और धन दोनों की बचत हो तथा रिश्तों में आई दूरियां भी समाप्त हो सकें।

लीगल सेल के सदस्यों ने कहा कि संस्था दोनों पक्षों के बीच आपसी विश्वास कायम कर सुलह कराने का हरसंभव प्रयास करती है और अब तक अनेक परिवारों को इसका लाभ मिल चुका है।

बैठक में मुफ्ती ताल्हा नदवी, अधिवक्ता अजहर अहमद खान, अधिवक्ता वाजिउर रहमान, अधिवक्ता रेजाउल्लाह अंसारी, अधिवक्ता सुल्तान खान, अधिवक्ता सरफराज अख्तर, अधिवक्ता सरफराज खान, अधिवक्ता जोहा हक, अंजुमन इस्लामिया के महासचिव तारिक हुसैन, लीगल सेल के कन्वीनर शाहिद अख्तर टुकलू, मो। लतीफ तथा शम्सू खान सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# डोरंडा मनीटोला में अतिक्रमण पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी, नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

**गुलाम शाहिद**



**रांची:** राजधानी के डोरंडा स्थित मनीटोला इलाके में सरकारी जमीन पर हुए अतिक्रमण को हटाने की दिशा में नगर निगम ने कार्रवाई तेज कर दी है। शनिवार को नगर आयुक्त स्वयं अधिकारियों की टीम के साथ मनीटोला पहुंचे और स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान वे जमीन का नक्शा लेकर मौके पर पहुंचे तथा संबंधित अधिकारियों को सीमांकन और अतिक्रमण की स्थिति का विस्तृत आकलन करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन लोगों ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया है, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को सभी आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर जल्द अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाने का निर्देश दिया। नगर निगम की प्रारंभिक जांच में मनीटोला क्षेत्र में करोड़ों रुपये मूल्य की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की बात सामने आई है। निगम की टीम अब जमीन के रिकॉर्ड, नक्शे और राजस्व अभिलेखों का मिलान कर अंतिम सूची तैयार कर रही है। इसके बाद नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। नगर निगम की इस पहल से इलाके में हड़कंप का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कार्रवाई होती है तो वर्षों से सरकारी जमीन पर हुए अवैध कब्जे से मुक्ति मिल सकेगी। वहीं निगम अधिकारियों का कहना है कि सरकारी संपत्ति को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# अरगोड़ा से दो बच्चों के अपहरण का मामला निकला फर्जी, रिश्तेदार के घर सकुशल मिले बच्चे

**मेट्रो रेज**

**रांची :** राजधानी रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र से दो बच्चों के कथित अपहरण का मामला आखिरकार फर्जी साबित हुआ है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि दोनों बच्चों का किसी ने अपहरण नहीं किया था, बल्कि वे खुद ही घर से निकलकर अपने एक रिश्तेदार के यहां चले गए थे। पुलिस ने दोनों बच्चों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सौंप दिया है।

जानकारी के अनुसार, 23 जुलाई को अरगोड़ा इलाके से दो बच्चों के अचानक लापता होने के बाद उनके अपहरण की आशंका जताई गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और बच्चों की तलाश के लिए विशेष टीम का गठन किया। पुलिस ने आसपास के इलाकों में लगातार छापेमारी की और कई स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

जांच के दौरान पुलिस को मिले सीसीटीवी फुटेज से यह स्पष्ट हुआ कि बच्चों का किसी ने अपहरण नहीं किया था। इसके बाद पुलिस ने तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर दोनों बच्चों को उनके एक रिश्तेदार के घर से सकुशल बरामद कर लिया।

बरामदगी के बाद पुलिस ने बच्चों से पूछताछ की। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि वे घर की कुछ परेशानियों और भूख की वजह से बिना किसी को बताए घर छोड़कर रिश्तेदार के यहां चले गए थे। उन्होंने यह भी बताया कि उनके साथ किसी तरह की जबरदस्ती या आपराधिक घटना नहीं हुई।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले में अपहरण जैसी कोई घटना सामने नहीं आई है। शुरूआती जांच में इसे अपहरण का मामला समझा गया था, लेकिन जांच पूरी होने के बाद स्पष्ट हो गया कि यह मामला पूरी तरह फर्जी था।

रांची पुलिस ने इस घटना के बाद अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों पर विशेष ध्यान दें, उनसे नियमित संवाद बनाए रखें और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनें, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पुलिस ने कहा कि बच्चों की मानसिक स्थिति और उनकी जरूरतों को समझना भी अभिभावकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

# प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और सीएम योगी पर आपत्तिजनक टिप्पणी, रांची में एफआईआर दर्ज

**मेट्रो रेज**

**रांची:** राजधानी रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक वीडियो जारी कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और हटिया विधायक नवीन जायसवाल के खिलाफ अभद्र टिप्पणी एवं जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में नगड़ी थाना में आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।



पुलिस को दिए गए लिखित आवेदन के अनुसार, नगड़ी निवासी अलीम अंसारी ने एक वीडियो जारी किया, जिसमें देश के शीर्ष नेताओं और जनप्रतिनिधि के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि वीडियो के माध्यम से उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई।

शिकायतकर्ता का कहना है कि आरोपी की ओर से जारी वीडियो समाज में धार्मिक सौहार्द और सामाजिक शांति को प्रभावित करने का प्रयास है। आवेदन में आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए नगड़ी थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और वीडियो की सत्यता सहित अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# भोजपुरी पेंटिंग प्रदर्शनी कल से

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची:** आज स्थानीय महंथ महिला कॉलेज आरा में भोजपुरी पेंटिंग प्रदर्शनी के तैयारियों में लगे भोजपुर के कलाकार। आसरा सेवा केन्द्र व प्रभाव क्रियेटिव सोसायटी आरा के संयुक्त तत्वावधान में 3 अगस्त को आयोजित है यह प्रदर्शनी। स्थानीय कलाकारों में एक वैचारिक उत्साह साफ दिख रहा है। आरा में यह लोक कलात्मक भोजपुरी पेंटिंग कला प्रदर्शनी आने वाले समय में खुद को साबित करने में कितना सफल हो रहा है वक्त बताएगा। प्रदर्शनी सह कला सेमिनार आयोजित हैं, भोजपुरिया कला संस्कृति पर बतकही किया जाएगा अपने आप में एक अनोखा पहल है यह। वरिष्ठ चित्रकार कमलेश कुंदन ने भोजपुर के कलाकार और कला प्रेमियों से अपील किया है कि आप इस प्रदर्शनी में उपस्थित होकर इस कला संस्कृति का हिस्सा बने। भोजपुरिया कला संस्कृति अपने अनमोल मूल्यों को लेकर आज आपके सामने है। कला गैलरी में भोजपुरी पेंटिंग पीड़िया लेखन, कोहबर लेखन, कपड़े का चिड़िया,कुसन कभर,जुट का बटूआ,कैनवस बैग,उन का बना थाली परोस, ऐपलिक साड़ी, शील्क दुपट्टा, टेबल क्लौथ, ओड़िया,डलिआ, कुरिसिआ धागा का माला। जैसे अनेकों भोजपुरिया कलात्मक कलाकृतियों को एक साथ प्रदर्शित किया जाएगा। वरिष्ठ कला शिक्षक रौशन राय ने पेंटिंग प्रदर्शित करते हुए कहा कि भोजपुरिया कला संस्कृति पर काम करने कि जरूरत है। शहर वासियों से अपिल किया कि आप इस प्रदर्शनी में उपस्थित होकर यहां के स्थानीय कला संस्कृति से जुड़कर प्रदर्शनी को सफल बनावे। वरिष्ठ भोजपुरी कला चीतेरी अनिता पाण्डेय ने कहा कि महंथ महिला कॉलेज में आयोजित कला प्रदर्शनी अपने आप में स्थानीय संस्कृति के अनुसार होगा। अपने लोगों के बीच खुद को साबित करने में मुझे पुरा विश्वास की यह कला प्रदर्शनी सफल होगा। डॉ प्रोफेसर नरेंद्र प्रताप पालित प्राचार्य महंथ महिला कॉलेज आरा ने शहर वासियों से अपिल किया कि आप इस प्रदर्शनी आए और यहां के कला संस्कृति से रूबरू होकर हमें बताएं और सारगर्भित सुझाव दें.तैयारियां जोरों पर है सम्मिलित कलाकारों में मुख्य,अमन राज,अभिनव मिश्रा, संगीता कुमारी, अंकिता सिन्हा, मुकेश चौधरी,सुशिल विश्वकर्मा, गुड़िया कुमारी व अन्य।



## झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन का चुनाव 21 अगस्त को, अधिवक्ताओं ने शुरू किया जनसंपर्क अभियान

**मेट्रो रेज**

**रांची:** झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के आगामी चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। 21 अगस्त को संभावित चुनाव से पहले ही विभिन्न पदों के दावेदारों ने अधिवक्ताओं के बीच जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। प्रत्याशी लगातार वकीलों से मुलाकात कर उनके समर्थन की कोशिश में जुटे हैं। इस बार अध्यक्ष और महासचिव जैसे प्रमुख पदों पर कई वरिष्ठ और चर्चित अधिवक्ताओं के मैदान में उतरने की संभावना जताई जा रही है, जिससे मुकाबला बेहद रोचक होने की उम्मीद है।

**अध्यक्ष पद पर कई दिग्गजों की नजर:** अध्यक्ष पद के लिए वर्तमान अध्यक्ष ऋतू कुमार के एक बार फिर चुनाव लड़ने की चर्चा है। उनके अलावा ए.के। चतुर्वेदी, अंजनी कुमार वर्मा, जय प्रकाश झा, महेश कुमार सिन्हा और महेश तिवारी भी दावेदारी पेश कर सकते हैं। यदि सभी संभावित उम्मीदवार मैदान में उतरते हैं तो अध्यक्ष पद का मुकाबला काफी कांटेदार होने की संभावना है।

**उपाध्यक्ष पद पर भी कई दावेदार:** उपाध्यक्ष पद के लिए भी कई अधिवक्ताओं के नाम चर्चा में हैं। इनमें पूर्व कोषाध्यक्ष धीरज कुमार, नवीन कुमार सिंह, अवनीश रंजन मिश्रा, अमरेश कुमार, मुकेश कुमार सिन्हा, संजीव ठाकुर और उमेश कुमार चौबे प्रमुख हैं। इन नामों के सामने आने से उपाध्यक्ष पद पर भी बहुकोणीय मुकाबले के आसार बन रहे हैं। महासचिव पद पर भी दिलचस्प टक्करः महासचिव पद के लिए वर्तमान महासचिव नवीन कुमार के दोबारा चुनाव लड़ने की संभावना जताई जा रही है। उनके अलावा रवींद्र नाथ, अमित सिन्हा, विनोद सिंह और राकेश कुमार भी संभावित उम्मीदवारों में शामिल हैं। ऐसे में महासचिव पद पर भी कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है।

**18 पदों के लिए होगा चुनाव:** झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव समेत कुल 18 पदों के लिए मतदान होगा। चुनाव में करीब 2100 अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही चुनावी माहौल पूरी तरह गर्म हो चुका है और आने वाले दिनों में चुनावी गतिविधियों के और तेज होने की संभावना है।

## रफ्तार भरने को तैयार रांची

# ओरमांझी-गोला एक्सप्रेस-वे,90 प्रतिशत काम पूरा

**रांची:** भारतमाला परियोजना के तहत बन रहे ओरमांझी-गोला एक्सप्रेस-वे का निर्माण तेजी से चल रहा है। अभी तक करीब 90% काम पूरा हो गया है। सिकिदरी घाटी में निर्माण कार्य के साथ ओरमांझी में पुंदाग टोल प्लाजा से करीब 4 किमी पहले तापे गांव के पास अंडरपास का निर्माण पूरा हो गया है।



यहां पर अंडाकार अंडरपास को देखकर ही लग रहा है कि आने वाले समय में रांची की रफ्तार तेजी से बढ़ेगी। इस अंडरपास से चढ़कर ही वाहन सवार एक्सप्रेस-वे में जा सकेंगे। अंडरपास के नीचे की सड़क से वाहन सवार सीधे रामगढ़ निकल जाएंगे, वहीं उसके ऊपर से गोला की ओर जाएंगे। अगले वर्ष लोगों को इस रोड की सौगात मिल सकती है।

**खासियत**

-यह रोड रायपुर-धनबाद कॉरिडोर का हिस्सा है। हाइब्रिड एनुइटी के तहत चार लेन रोड बन रहा है। इसके बनने से लॉजिस्टिक्स कॉस्ट काफी कम हो जाएगा। माल ढुलाई में लाभप्रद होगी।

-ओरमांझी से गोला होते हुए सीधे जैनामोड़ तक वाहन सवार जा सकेंगे। वहां से आगे पहले से बनी फोरलेन सड़क के जरिये चास-धनबाद या इससे आगे जाया जा सकता है।

-ओरमांझी-गोला सेक्शन के बीच 27.84 किमी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इस हाईवे का निर्माण 732 करोड़ की लागत से किया जा रहा है।

# पुण्यतिथि पर समाजसेवी बलिवंत राय को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि



**मेट्रो रेज**



**रामगढ़:** जिले के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान कैप्सूल कोर्स सह निःशुल्क शिक्षा दान केंद्र नई सराय रामगढ़ कैंट और रामगढ़ सब डिवीजन के मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव रविशंकर राय के दादाजी स्व। बलिवंत राय की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई । इस अवसर पर निःशुल्क शिक्षा दान केंद्र के संस्थापक रविशंकर राय ने कहा कि हमारे दादाजी बलिवंत राय जी एक मध्यमवर्गीय परिवार से आते थे जिन्होंने अपने लगन , ईमानदारी,मेहनत और परिश्रम के बल पर सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था। मूलरूप से बिहार भोजपुर के रहने वाले बलिवंत राय बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उनकी सादगी और लोकप्रियता जन जन को प्रेरणा देती है। उनके प्रथम सुपुत्र लालबाबू ने झारखंड राज्य के रामगढ़ जिले के कई थानों में अपनी सेवाएँ दी । द्वितीय सुपुत्र टूनटून ने अपनी सामाजिक ज़िम्मेदारी का निर्वहन करते हुए अपने पिताजी के नाम को रौशन किया ।

आज बलिवंत राय के बारे में रविशंकर राय ने कहा कि हमारे दादाजी ने गरीबी देखी है । उन्हीं को आदर्श मानते हुए मैं रामगढ़ में गरीब,निसहाय,निर्धन,मेधावी,दिव्यांग ,अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति के छात्र और छात्राओं को बिगत 31 वर्षों से निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहा हूँ ।आज रामगढ़ में नई सराय दामोदर नदी तट पर 26 वर्षो से निःशुल्क शिक्षा दान केंद्र चलता है । उनकी याद में कई गरीब परिवार को आर्थिक सहायता दिया जाता है । गरीब कन्याओं के विवाह में भी मदद दी जाती है । आज उन्ही की याद में बिहार गड़हनी मे एक भव्य विद्यालय ह्न अरुणावली विद्या विहार की नीव रखी गई है जिसमें गरीबों और निसहायों को निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी ।उनकी याद में कई छायादार वृक्ष लगाए गए हैं ।

रविशंकर राय ने कहा कि हमें अपने पूर्वजों को याद करना तभी सार्थक होगा जब हम उनकी याद में हम अपने जीवन में अपनों के अलावा सामाजिक दायित्व का भी निर्वहन करें ताकि पूर्वजों की कीर्ति अमर रहे ।


**कार्यालय,**
**विद्युत कार्यपालक अभियंता**
**विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल धुर्वा, रॉंची**

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

**ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/26/2026-27 दिनांक–01/08/2026**

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | विधानसभा, धुर्वा, रॉंची के आउटर D (विधायक आवास के चारो तरफ के रोड) में सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 59,44,310-00 | 10,000-00 | 1,20,000-00 | 56 दिन |
| II | स्मार्ट सिटी, धुर्वा रॉंची स्थित मंत्री बंगला में 1 अदद 250 के0 वी0ए0 ध्वनि रहित जनित्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 60,78,623-00 | 10,000-00 | 1,22,000-00 | 35 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 10.08.2026 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 11.08.2026 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 17.08.2026 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 18.08.2026 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल, रॉंची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0/ई0 मेल | 0651–2490069 / electricalexecutiveengineerewd@gmail.com | | | |

**Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.**

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल,रॉंची

PR 386446 (Energy)26-27*D



# शिवजी को प्रसन्न करने का रामबाण उपाय है रुद्राभिषेक

श्रावण माह 30 जुलाई से 28 अगस्त तक रहेगा। इस माह में कई व्रत-त्योहार, जैसे नाग पंचमी, रक्षाबंधन व सावन शिवरात्रि मनाए जाएंगे। हिंदू पंचांग के अनुसार शिव आराधना का पावन श्रावण माह इस बार 30 जुलाई से 28 अगस्त तक चलेगा। पूरे माह शिव उपासकों को लगातार पूजा-अर्चना का अवसर मिलेगा। शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ने की पूरी संभावना है। मंदिरों में विशेष आयोजन शुरू हो चुके हैं।

## शास्त्रों में मिलता है रुद्राभिषेक का वर्णन

श्रावण माह में शिवजी का रुद्राभिषेक करने से जीवन में शुभ परिणाम प्राप्त होते हैं। साथ ही कोई बड़ी सफलता प्राप्त होती है। ऐसे परिवार पर हमेशा भगवान शिव की कृपा बनी रहती है। कहा जाता है कि रुद्राभिषेक करने से रोगों से छुटकारा मिलता है। इतना ही नहीं, इससे सभी मनोकामनाएं भी पूरी होती हैं। यदि आप सावन शिवरात्रि, सावन सोमवार या सावन प्रदोष के दिन रुद्राभिषेक विधि-विधान से करेंगे, तो आपको चमत्कारिक बदलाव देखने को मिलेंगे। शास्त्रों में रुद्राभिषेक को शिव जी को प्रसन्न करने का रामबाण उपाय बताया गया है भगवान शंकर के प्रिय माह सावन में शिवलिंग पर रुद्राभिषेक करने से कई विपदाओं से मुक्ति मिलती है। रुद्राभिषेक करने से उत्तम फलों की प्राप्ति होती है। शास्त्रों में भी रुद्राभिषेक का वर्णन किया गया है। रुद्राभिषेक करने से घर में शांति बनी रहती है और ग्रहों का बुरा प्रभाव भी कम होता है।

## सावन का महत्व

हिंदू धर्म में सावन माह को भक्ति, व्रत, और साधना का महिना माना जाता है। मान्यता है कि इस समय सृष्टि का संचालन स्वयं भगवान शिव करते हैं। इस दौरान भक्त सोमवार का व्रत, रुद्राभिषेक, और शिवपुराण पाठ करते हैं। विशेष रूप से कुंवारी कन्याओं द्वारा किए गए सोमवार व्रत को विवाह संबंधी बाधाओं को दूर करने वाला और मनचाहा जीवनसाथी पाने वाला व्रत माना गया है। इस पावन अवसर पर शिव मंदिरों में विशेष सजावट, जलाभिषेक, बेलपत्र अर्पण और रात्रि जागरण जैसे कार्यक्रमों की तैयारियां भी जोरों पर हैं।



# सावन महीने के हर मंगलवार को रखा जाता है मंगला गौरी व्रत

मंगला गौरी व्रत सावन महीने के हर मंगलवार को रखा जाता है और यह देवी पार्वती जिनका एक नाम गौरी भी है, उन्हें समर्पित है। मंगला गौरी व्रत सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए रखती हैं। वहीं, अविवाहित लड़कियां मनपसंद जीवनसाथी और शीघ्र विवाह के लिए यह व्रत रखती हैं। ऐसा माना जाता है कि मंगला गौरी व्रत रखने से कुंडली में मंगल दोष के नकारात्मक प्रभाव कम होते हैं और घर में सुख, समृद्धि और शांति बनी रहती है।

### मंगला गौरी व्रत का महत्व

- मंगला गौरी व्रत रखने से विवाहित महिलाओं के वैवाहिक जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आती है। इस व्रत को रखने से पति को लंबी आयु मिलती है और उनका स्वास्थ्य अच्छा रहता है।
- ऐसी मान्यता है कि देवी पार्वती जिन्होंने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए घोर तपस्या की थी, इस व्रत को करने वाली सुहागिन महिलाओं को अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद देती है।
- यह पति-पत्नी के रिश्ते में प्रेम, समझ और तालमेल को बढ़ाता है जिससे गृहस्थी खुशहाल रहती है। अविवाहित कन्याओं के लिए मंगला गौरी व्रत शीघ्र विवाह और मनपसंद जीवनसाथी की प्राप्ति के लिए अत्यंत प्रभावी माना जाता है।
- जो लड़कियां योग्य वर की तलाश में है या विवाह में किसी प्रकार की बाधा का सामना कर रही है उन्हें यह व्रत पूरी श्रद्धा से करने की सलाह दी जाती है। देवी पार्वती की कृपा से उनकी इच्छाएं पूरी होती हैं और उन्हें सुयोग्य जीवनसाथी मिलता है जो उनके जीवन को सुखमय बनाता है।
- मंगला गौरी व्रत कुंडली में मंगल दोष के नकारात्मक प्रभावों को कम करने में सहायक होता है। मंगल दोष के कारण विवाह में देरी, वैवाहिक जीवन में समस्याएं या अन्य कष्ट आ सकते हैं।
- इस व्रत को करने से मंगल ग्रह के अशुभ प्रभाव शांत होते हैं, जिससे जीवन में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यह व्यक्ति को साहस और आत्मविश्वास भी प्रदान करता है।
- जिन दंपत्तियों को संतान प्राप्ति में कठिनाई आ रही है, उनके लिए भी मंगला गौरी व्रत लाभकारी माना जाता है। देवी पार्वती को मातृत्व और सृजन की देवी माना जाता है।
- इस व्रत को सच्चे मन से करने से उनकी कृपा प्राप्त होती है और संतान सुख की प्राप्ति में मदद मिलती है। यह व्रत संतान के स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य के लिए भी शुभ फलदायी होता है।

# आखिर क्यों भगवान शिव को कहा जाता है महाकाल



सावन का महीना शुरू हो गया है। ऐसे में हर तरफ आप भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते हुए लोगों को देखती होंगी। भगवान शिव को कई नामों से पुकारा जाता है। उन्हें महादेव, भोलेनाथ, शंकर, शंभु, आदि नामों से पुकारा जाता है, लेकिन आखिर क्यों उन्हें महाकाल पुकारा जाता है?

### आखिर भगवान शिव को यह नाम क्यों मिला?

पौराणिक कथाओं के अनुसार उज्जैन में एक शिव भक्त ब्राह्मण निवास करता था। यहां पर रहने वाले लोग दूषण नाम के राक्षस के प्रकोप से डरते थे। लोग उसे काल के नाम से जानते थे। ब्रह्मा जी से दूषण को कई शक्तियां मिली थी, जिनका दुरुपयोग कर वह निर्दोष लोगों को परेशान करता था। राक्षस की शक्तियों के प्रकोप से ब्राह्मण काफी दुखी था, उसने भगवान शिव से राक्षस के नाश की प्रार्थना की, लेकिन भगवान ने काफी वक्त तक कुछ नहीं किया। प्रार्थनाओं का असर न होता देख एक दिन ब्रह्म भगवान शिव से नाराज हो गए और उनका पूजन बंद कर दिया। अपने ब्राह्मण भक्त को दुखी देख भगवान शिव हुंकार के रूप में प्रकट हुए और दूषण का वध कर दिया। क्योंकि लोग दूषण को काल कहते थे, इसलिए उसके वध के कारण भगवान शिव का नाम महाकाल पड़ा।

### क्या होता है महाकाल का मतलब?

काल का मतलब होता है समय और महाकाल का मतलब हुआ है वह जो समय से परे है अथवा उसका नियंत्रणकर्ता है। मान्यताओं के अनुसार, शिव जी प्रलय, विघटन या मृत्यु के देव हैं और वह हमारे समय यानी काल को भी नियंत्रित करते हैं।

### महाकाल की पूजा

राक्षस का वध करने के कारण बाबा महाकाल की पूजा का विशेष महत्व होता है। ऐसा माना जाता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से बाबा महाकाल की आराधना करता है, उसे कभी मृत्यु का भय नहीं होता है।



# सावन में कांवड़ का है विशेष महत्व, कितने तरह की होती है ये यात्रा

सावन मास के प्रारंभ होने के साथ-साथ कांवड़ यात्रा भी शुरू हो जाती है। कांवड़ यात्रा में कांवड़िया गंगा नदी में स्नान कर लोटे में जल भरकर से शिव मंदिर में सावन शिवरात्रि के दिन अभिषेक करते हैं। कांवड़िया भगवान शिव से प्रार्थना कर आशीर्वाद मांगते हैं, इस कांवड़ यात्रा को लेकर यह मान्यता है कि भगवान शिव कांवड़िया की सभी इच्छाएं पूरी करते हैं।

### कितने प्रकार की होती है कांवड़ यात्रा

#### सामान्य कांवड़ यात्रा

सामान्य कांवड़ यात्रा में शिव भक्त चलते-चलते जब थक जाते हैं तो बीच-बीच में आराम कर सकते हैं। आराम के दौरान कांवड़ियों को इस बात का खास ध्यान देना पड़ता है कि कांवड़ बीच में जमीन पर न रखें। कांवड़िया अपने साथ स्टैंड लेकर चलते हैं, साथ ही वे कांवड़ को किसी पेड़ की डाल पर भी टांग देते हैं।

#### डाक कांवड़ यात्रा

डाक कांवड़ यात्रा में कांवड़िया विश्राम नहीं करता है। जब वह पवित्र नदी से स्नान कर जल भरता है तब वह सीधा मंदिर में जाकर रुकता है। डाक कांवड़ यात्रा करने वाले कांवड़िया बीच में किसी भी चीज के लिए नहीं रुकते और उनकी यात्रा को सरल बनाने के लिए मार्ग में कई तरह की उचित व्यवस्था की जाती है।

#### खड़ी कांवड़ यात्रा

खड़ी कांवड़ यात्रा में साधक कांवड़ लेकर चलते हैं। इस खड़ी कांवड़ यात्रा में 2-3 लोग साथ में चलते हैं, जिसमें एक के थकने पर दूसरे लोग कांवड़ लेकर साधक की यात्रा पूरी करने में सहायता करते हैं।

#### दांडी कांवड़ यात्रा

कांवड़ यात्रा के सभी प्रकारों में दांडी कांवड़ यात्रा सबसे कठिन मानी गई है। इस दांडी कांवड़ यात्रा में कांवड़िया पवित्र नदी से स्नान कर जल भरता है और मंदिर तक दंडवती करते हुए पहुंचता है। इस यात्रा में सबसे ज्यादा समय लगता है।

#### कौन सी कांवड़ यात्रा है सबसे सरल और सबसे कठिन

सबसे सरल की बात करें तो सामान्य कांवड़ यात्रा सबसे सरल है। इस यात्रा में कांवड़िया बीच-बीच में कांवड़ को स्टैंड पर रखकर आराम कर सकता है। वहीं दांडी कांवड़िया कांवड़ यात्रा के सभी प्रकार में सबसे ज्यादा कठिन है। इस कांवड़ यात्रा में कांवड़िया दंडवती करते हुए भगवान शिव को कांवड़ का जल अर्पित करता है।

# यात्रा के दौरान कांवड़ को जमीन में क्यों नहीं रखना चाहिए?



सावन मास में कांवड़ यात्रा का विशेष महत्व है, इस माह में कांवड़िया कांवड़ में जल भरकर शिव जी का अभिषेक करते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि कांवड़ को जमीन पर क्यों नहीं रखते? कांवड़ को जमीन में नहीं रखने के पीछे एक धार्मिक मान्यता है। इस मान्यता के अनुसार कांवड़ियों का मानना है कि कांवड़ भगवान शिव का स्वरूप है, जिसे कभी भी जमीन में रखकर उसका अपमान नहीं करना चाहते हैं। इसके अलावा कांवड़ में भरा हुआ जल भगवान शिव को चढ़ता है, ऐसे में कांवड़िया जमीन पर रखे हुए जल को भगवान शिव के ऊपर नहीं चढ़ाते हैं। जिस मार्ग में कांवड़िया विश्राम के लिए रुकते हैं, उस स्थान में कांवड़िया स्टैंड या पेड़ पर कांवड़ को रखते हैं, ताकि कांवड़ जमीन को स्पर्श न हो।



# सावन के मंगला गौरी व्रत के दिन महिलाएं जरूर करें इन चीजों का दान

**सनातन धर्म में मंगला गौरी का व्रत माता पार्वती को समर्पित है। इस दिन विशेष रूप से दान-पुण्य करने का विधान है। आइए इस लेख में विस्तार से जानते हैं कि किन चीजों का दान करने से लाभ हो सकता है।**

हिंदू धर्म में सावन का महीना भगवान शिव के साथ-साथ माता पार्वती को समर्पित होता है। इस पवित्र महीने के दौरान पड़ने वाले हर मंगलवार को मंगला गौरी व्रत रखा जाता है। यह व्रत विशेष रूप से सुहागिन स्त्रियों द्वारा अपने पति की लंबी आयु, अखंड सौभाग्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए किया जाता है।

कुंवारी कन्याएं भी मनचाहे वर की प्राप्ति के लिए यह व्रत रखती हैं। अब ऐसे में जो महिलाएं इस दिन दान-पुण्य कर रही हैं, उन्हें किन चीजों का दान करने से लाभ हो सकता है।

### करें हरी चूड़ियों का दान

मंगला गौरी व्रत विशेष रूप से सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य के लिए रखा जाता है। चूड़ियां सुहाग का प्रतीक होती हैं और इनका दान करने से माता पार्वती प्रसन्न होती हैं, जिससे सुहागिनों को सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद मिलता है। माना जाता है कि मंगला गौरी व्रत के दिन सुहागिन महिला को चूड़ियों का दान करने से वैवाहिक जीवन में प्रेम, शांति और मधुरता आती है। पति-पत्नी के बीच के कलेश दूर होते है और संबंध मजबूत होते हैं। जिन लोगों की कुंडली में मंगल दोष होता है, उनके लिए भी मंगला गौरी व्रत और इस दिन सुहाग की वस्तुओं, विशेषकर चूड़ियों का दान करना बहुत लाभकारी माना जाता है। इससे मंगल दोष के नकारात्मक प्रभाव कम होते हैं।

### काजल का दान

ज्योतिष शास्त्र में काजल को बुरी नज़र से बचाने वाला और नकारात्मक ऊर्जा को दूर रखने वाला माना गया है। मंगला गौरी व्रत के दिन काजल का दान करने से वैवाहिक जीवन को लगी बुरी नजर उतर जाती है और दांपत्य जीवन में नकारात्मकता भी नष्ट होने लगती है। मंगला गौरी व्रत मुख्य रूप से सुहागिन महिलाओं द्वारा अखंड सौभाग्य और पति की लंबी आयु के लिए रखा जाता है।

### मसूर की दाल का दान

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, मंगल गौरी व्रत मंगल ग्रह से संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए रखा जाता है। मसूर की दाल का संबंध मंगल ग्रह से होता है, और इसे दान करने से कुंडली में मंगल की स्थिति मजबूत होती है, जिससे जीवन में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं। जिन लोगों की कुंडली में मंगल दोष होता है, उनके विवाह में बाधाएं आती है या वैवाहिक जीवन में परेशानियां रहती हैं।

मंगला गौरी व्रत के दिन मसूर की दाल का दान करने से इस दोष का प्रभाव कम होता है और वैवाहिक जीवन सुखमय बनता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# हनीट्रैप के माध्यम से बुना जा रहा था जाल बरहरवा से गिरफ्तार हुई आतंकी की गर्लफ्रेंड

–प |बंगाल एसटीएफ की टीम गिरफ्तार कर ले गई बर्धमान

संवाददाता



साहिबगंज/बरहरवाः थाना क्षेत्र के ग्वालखोर से पश्चिम बंगाल एसटीएफ की टीम ने आतंकी हमीम मंडल की गर्लफ्रेंड को गिरफ्तार किया है। इस खबर से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के मुताबिक बंगाल के उच्चस्तरीय राजनेता की गतिविधियों पर नजर रखने और उनकी हत्या की साजिश रचने के आरोपी हमीम मंडल की गिरफ्तारी के बाद मामले में एक नया मोड़ आया है। पश्चिम बंगाल स्पेशल टास्क फोर्स ने झारखंड पुलिस के सहयोग से साहिबगंज जिले के बरहरवा थाना क्षेत्र स्थित ग्वालखोर में छापेमारी कर 21 वर्षीय युवती अर्पिता सरकार को गिरफ्तार किया है। केस की जांच में बेहद चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। पूर्व में पूर्वी बर्धमान (नवाबहाट) से गिरफ्तार मुख्य आरोपी हमीम मंडल पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सदस्य और कश्मीर निवासी सज्जाद भट्ट के लोगों से लगातार संपर्क में था। हमीम मंडल व्हाट्सएप के जरिए आतंकियों को बंगाल के एक वरिष्ठ और लोकप्रिय नेता के पल-पल के मूवमेंट और गतिविधियों की गोपनीय जानकारी साझा कर रहा था।कॉलेज छात्रा है अर्पिताः बरहरवा से गिरफ्तार अर्पिता सरकार पिता- सुजीत सरकार कॉलेज की छात्रा है। पुलिस व एसटीएफ जांच में सामने आया है कि अर्पिता पिछले 4 सालों से हमीम मंडल के संपर्क में थी और इस दौरान दोनों की 4 बार मुलाकात भी हो चुकी थी,हमीम और अर्पिता सोशल मीडिया के माध्यम से हुई दोस्ती के बाद दोनो ने मुलाकात की फिर साजिशों की जाल शुरू हुई । शुरूआती जांच के अनुसार,अर्पिता पर लोगों को अपने जाल में फंसाकर 'हनीट्रैप' करने का संदेह है। पुलिस इस बात की पड़ताल कर रही है कि क्या उसका इस्तेमाल किसी बड़े प्लान के तहत किया जा रहा था।

वहीं प. बंगाल के बर्धमान से गिरफ्तार आतंकी हमीम मंडल पहले हावड़ा में रह रहा था। फिर वहां से शिफ्ट होकर बर्धमान में रहने लगा और बंगाल के राजनैतिक गतिविधियो की जानकारी जुटा रहा था। एसटीएफ ने हमीम से बरामद फोन की जाँच पड़ताल के बाद सारी साजिशें उजागर हुई है अभी और भी विभिन्न पहलुओं पर जाँच तेज हो गई है। पूरे साजिश में बहुत सी परते अभी खुलनी बाकी है।

## प्रकाश चंद्रा को ओबरा विधानसभा के लोगों ने भारी मतों से जिताया: जयप्रकाश सिन्हा



संवाददाता

साहिबगंजःबिहार के औरंगाबाद जिले के ओबरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रकाश चंद्रा अपने झारखंड दौरे के दरमियान साहिबगंज पहुंचने पर जय प्रकाश सिन्हा के आवास पर गए।जहाँ चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा एवं जयप्रकाश सिन्हा ने बुके और अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया।वही जय प्रकाश सिन्हा की धर्मपत्नी सुनीता सिन्हा को वार्ड पार्षद बनने पर उन्हें बुके देकर बधाई दी।जय प्रकाश सिन्हा ने बताया कि वह पहले भी बराबर साहिबगंज प्रवास के दौरान उनसे मिलने बराबर आया करते थे।कहा कि वें लंबे समय तक अपने क्षेत्र में समाज के बीच हमेशा लोगों को मदद करते रहे हैं।सरल स्वभाव के धनी माने जाने वाले प्रकाश चंद्रा को ओबरा विधानसभा के लोगों ने भारी मतों से जिताया यह शुरू से ही लोगों के दुख दर्द में हमेशा बढ़ चढ़ के आगे रहते हैं। मौके पर चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा,जयप्रकाश सिहां,आकाश सिहां के आलवा औरंगाबाद से ओबरा विधानसभा के चिंटू मिश्रा,मनीष यादव,संजय सोम,मुकेश मिश्रा,विकाश यादव,राजकिशोर यादव,राजा कुमार,किशोर कुमार राम,संजय कुमार,अजय कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### तीन से सात अगस्त तक जिले में विशेष प्रमाण-पत्र निर्गमन व वितरण अभियान

**साहिबगंजः** झारखंड सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, रांची के पत्रांक 09/जा0नि0-03-05/2026 का0 4988 31जुलाई के आलोक में तीन अगस्त से सात अगस्त 2026 तक साहिबगंज जिले के सभी अनुमंडल एवं अंचल कार्यालयों में विशेष अभियान चलाकर स्थानीय निवासी, जाति, आय एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग प्रमाण-पत्र हेतु आवेदन प्राप्त किए जाएंगे तथा पूर्व से लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन कर प्रमाण-पत्र निर्गत एवं वितरित किए जाएंगे। जिला प्रशासन आम नागरिकों से अपील करता है कि निर्धारित तिथि के अनुसार अपने निकटवर्ती शिविर में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अभियान का लाभ उठाएं। सोमवार से सात अगस्त 2026 समय प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक अनुमंडलवार शिविर स्थल है।

साहिबगंज अनुमंडल 3 से 7 अगस्त अनुमंडल कार्यालय, साहिबगंज,राजमहल अनुमंडल 3 से 7 अगस्त स्थान अनुमंडल कार्यालय, राजमहल प्रखंड,अंचलवार शिविर स्थल साहिबगंज प्रखण्ड 3 से 7अंचल कार्यालय, साहिबगंज समय प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक मंडरो प्रखण्ड 3 से 7 सात अगस्त अंचल कार्यालय, मंडरो समय प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक बोरियो प्रखण्ड 3 से 7 अगस्त चल कार्यालय, बोरियो समय प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक बरहेट प्रखण्ड 3 से 7 अगस्त अंचल कार्यालय, बरहेट समय प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक राजमहल प्रखण्ड

3 से 7 अगस्त चल कार्यालय, राजमहल प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तकबरहरवा प्रखण्ड 3 से 7 अगस्त अंचल कार्यालय, बरहरवा प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक उधवा प्रखण्ड

3 से 7 अगस्त अंचल कार्यालय, उधवा प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तकपतना प्रखण्ड 3 से 7 अगस्त अंचल कार्यालय, पतना प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तकतालझारी प्रखण्ड3 से 7 अगस्त अंचल कार्यालय, तालझारी प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक अभियान की प्रमुख विशेषताएँ स्थानीय निवासी, जाति, आय एवं ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र हेतु आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। पूर्व से लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन किया जाएगा। सभी आवेदन झारसेवा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज किए जाएंगे। प्रत्येक आवेदक को पावती रसीद अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएगी। प्रतिनियुक्त कर्मी प्रतिदिन 10:30 बजे से 05:00 बजे तक शिविर स्थल पर उपस्थित रहेंगे। प्रतिदिन शाम 05:00 बजे तक प्राप्त एवं निष्पादित आवेदनों तथा निर्गत प्रमाण-पत्रों का समेकित प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा।

जिला प्रशासन, साहिबगंज जिले के सभी नागरिकों से अनुरोध करता है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने संबंधित अनुमंडल अथवा अंचल कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर इस विशेष अभियान का लाभ उठाएं। यह अभियान नागरिकों को स्थानीय निवासी, जाति, आय एवं एहर प्रमाण-पत्र शीघ्र एवं पारदर्शी ढंग से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

### जिला महासचिव की पहल लाई रंग

**शिव शीतला मंदिर श्राद्ध घाट पहुंच मार्ग निर्माण को मिली मंजूरी,**



साहिबगंजःपाकुड़ नगर के शिव शीतला मंदिर स्थित श्राद्ध घाट व श्राद्ध स्थल तक अलग पहुँच मार्ग सड़क निर्माण की वर्षों पुरानी मांग को लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की जिला महासचिव मोनिता कुमारी ने डॉ तनवीर आलम से मुलाकात कर आवेदन सौंपा। आवेदन में बताया गया कि वर्तमान में श्राद्ध स्थल तक पहुँचने के लिए लोगों को मंदिर परिसर से होकर गुजरना पड़ता है,जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा होती है तथा धार्मिक दृष्टि से भी यह व्यवस्था उपयुक्त नहीं मानी जाती। इसलिए शिव शीतला मंदिर के बगल से लगभग 500 फीट लंबी एवं 3 फीट चौड़ी अलग पहुँच सड़क तथा श्राद्ध घाट के निर्माण की मांग की गई। डॉ तनवीर आलम ने इस जनहित एवं धार्मिक महत्व के विषय को गंभीरता से लेते हुए सड़क निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की।इस निर्णय से क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों में खुशी का माहौल है। जिला महासचिव मोनिता कुमारी ने कहा कि शिव शीतला मंदिर से जुड़े इस महत्वपूर्ण कार्य के पूरा होने से श्रद्धालुओं को श्राद्ध घाट तक सीधे पहुँचने की सुविधा मिलेगी,मंदिर की पवित्रता बनी रहेगी तथा वर्षों से चली आ रही एक महत्वपूर्ण समस्या का समाधान होगा।पाकुड़ नगर के लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे जनभावनाओं से जुड़ा महत्वपूर्ण निर्णय बताया और आशा व्यक्त की कि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा, जिससे आने वाले समय में हजारों श्रद्धालुओं को इसका लाभ मिलेगा।

## जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता :उप विकास आयुक्त

- आयुक्त ने मनरेगा के अंतर्गत विकसित बिरसा हरित ग्राम योजना का किया अवलोकन

संवाददाता



**साहिबगंजः** जिले में संचालित विकासजनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने आज राजमहल प्रखंड का विस्तृत भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने गुनिहारी पंचायत में विभिन्न योजनाओं के तहत संचालित कार्यों का स्थल निरीक्षण कर प्रगति एवं गुणवत्ता का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त ने मनरेगा के अंतर्गत विकसित बिरसा हरित ग्राम योजना का अवलोकन करते हुए पौधारोपण, रख रखाव एवं आजीविका सृजन से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि योजना का उद्देश्य केवल पौधारोपण तक सीमित न रहकर स्थानीय ग्रामीणों की आय में वृद्धि एवं पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करना भी है।इसके उपरांत उन्होंने जनमन आवास प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और अबुआ आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवासों का स्थल निरीक्षण किया। लाभुकों से सीधे संवाद कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता समयबद्धता योजनाओं से प्राप्त लाभ की जानकारी ली। उन्होंने लाभार्थियों से योजनाओं के संबंध में प्राप्त सुविधाओं व अनुभवों की जानकारी लेते हुए उनकी समस्याओं को भी गंभीरता से सुना तथा आवश्यक समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।उप विकास आयुक्त ने कहा कि राज्य व केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक

## जेपीएससी –जेएसएससी पेपर लीक के विरोध में एबीभीपी का साहिबगंज महाविद्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन

संवाददाता




साहिबगंजःअखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद साहिबगंज नगर इकाई के तत्वावधान में शनिवार को साहिबगंज महाविद्यालय के मुख्य द्वार के बाहरः जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक, भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं तथा युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ के विरोध में विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर सरकार के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी की तथा पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने, दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने एवं निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली सुनिश्चित करने की मांग उठाई।कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंत्री चंदन कुमार गुप्ता ने की, जबकि प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक इंद्रजीत साह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रदर्शन के दौरान विद्यार्थियों का आक्रोश स्पष्ट रूप से देखने को मिला। छात्रों ने कहा कि वर्षों की मेहनत के बाद भी यदि परीक्षाएं पेपर लीक और अनियमितताओं की भेंट चढ़ जाएं तो यह लाखों युवाओं के साथ अन्याय है। सभा को संबोधित करते हुए नगर मंत्री चंदन कुमार गुप्ता ने कहा जेपीएससी व जेएसएससी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं ने छात्रों का विश्वास तोड़ा है। सरकार को तुरंत पूरे मामले की सीबीआई जांच कराकर दोषियों को कड़ी सजा देनी चाहिए। विद्यार्थी परिषद छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होने देगी और अंतिम छात्र तक न्याय की लड़ाई लड़ती रहेगी। वहीं प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक इंद्रजीत साह ने कहा, झारखंड के लाखों युवा दिन-रात मेहनत कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन पेपर लीक जैसी घटनाएं उनकी मेहनत और उम्मीदों को तोड़ देती हैं। की स्पष्ट मांग है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए। दोषियों को कठोरतम सजा मिले भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए पारदर्शी और जवाबदेह परीक्षा व्यवस्था लागू की जाए। यदि सरकार छात्रों की जायज मांगों की अनदेखी करती है। तो विद्यार्थी परिषद पूरे राज्य में आंदोलन को और व्यापक एवं उग्र रूप देने के लिए बाध्य होगी। कार्यक्रम के अंत में परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि पेपर लीक का मुद्दा केवल एक परीक्षा का नहीं, बल्कि झारखंड के लाखों युवाओं के भविष्य, पारदर्शी भर्ती व्यवस्था और शिक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता का प्रश्न है। विद्यार्थी परिषद ने चेतावनी दी कि यदि सरकार शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं करती है तो राज्यभर में चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा। इस संदर्भ में प्रदेश छात्रा प्रमुख सुश्री निधि सिंह, जिला कार्यालय मंत्री अंकुश मंडल, नगर सह मंत्री राजा वर्मा, रितेश कुमार, छोटू कुमार, ऋतुराज, शिवनाथ, नीरज, समीर, अविनाश सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं परिषद कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मजदूरों के हक और अधिकार की रक्षा के लिए संघर्ष करता रहूंगा: मनोज सोरेन

संवाददाता



साहिबगंजः केंद्रीय कार्यालय बाकुडी झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक के जिला महामंत्री मोहम्मद इमाम विश्वास की अध्यक्षता में जिला अध्यक्ष चयन का को लेकर बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव,केंद्रीय उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी,केंद्रीय सहायक मंत्री गणेश ठाकुर एवं केंद्रीय सदस्य रवि घोष मुख्य रूप से मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष का चुनाव को लेकर दो सदस्य मिथुन कुमार यादव व मनोज सोरेन ने अपनी दावेदारी पेश की। वह केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने निष्पक्ष ढंग से चुनाव करने के लिए तीन केंद्रीय कार्य समिति सदस्य गणेश ठाकुर, फूल कुमारी देवी,रवि घोष एवं पांच प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन शाह मोहम्मद निजामुद्दीन आलोक घोष,फिरोज अंसारी घोष,कुल आठ सदस्य का चयन समिति का सदस्य का चयन किया गया। समिति के निर्णय के अनुसार केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने जिला अध्यक्ष का पुनर्गठन करते हुए मनोज सोरेन को मनोनीत किया गया। वही नव नियुक्त जिला अध्यक्ष मनोज सोरेन को समिति के सभी लोगों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष मनोज सोरन ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संघ के नियमों के अनुसार शत प्रतिशत और मजदूरों का हक और अधिकार की रक्षा के लिए संघर्ष करता रहूंगा।

## पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा किया है मैं उस पर खरा उतरूंगा: विधायक

- पिछड़ा प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर साहिबगंज जिला कमेटी ने किया अभिनंदन

संवाददाता



**साहिबगंजः**शहर के चौक बाजार स्थित होटल विराज पैलेस साहिबगंज में बिहार प्रदेश से आए हुए ओबरा विधानसभा के विधायक डॉ प्रकाश चंद्र को पिछड़ा एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर साहिबगंज जिला कमेटी की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया और साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत सरकार में मंत्री चिराग पासवान का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जिस प्रकार पार्टी ने मुझ पर भरोसा करके जो जवाब देही दी है उसे मैं जन-जन तक पहुंचने का काम करूंगा और उनका जो नारा है हम उसे घर में दिया जलाने चले हैं जहां सदियों से अंधेरा है।उसी को आगे बढ़ते हुए विधायक ने सभी पार्टी कार्यकताओं को एक जुट रहने को कहा और पार्टी संगठन को गांव-गांव तक कैसे पहुंचा जाए उसके लिए साहिबगंज के जिला अध्यक्ष प्रदीप पासवान को अपने कार्यों में तेजी लाने को कहा और पार्टी को मजबूत करने के लिए हर संभव भरोसा दिया। जिसमें पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। मौके पर लोजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप पासवान,महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष मंजू शर्मा,प्रदेश उपाध्यक्ष रचना देवी,प्रदेश सचिव रीता पासवान,आईटी सेल के जिला अध्यक्ष विकास स्वर्णकार,खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष चंद्र प्रभाकर जिला मीडिया प्रभारी पवन चौधरी, जिला उपाध्यक्ष शंकर,ज्योतिष पासवान, नगर अध्यक्ष नितेश गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डॉ रणजीत कुमार सिंह बने साहिबगंज कॉलेज के प्राचार्य

- 1986– 2003 तक कॉलेज के छात्र रहे थे
- 2003 से 2005 तक अनुबंध में शिक्षक भी थे
- 2008 में जेपीएससी के माध्यम से साहिबगंज कॉलेज में भूगर्भ विज्ञान के सहायक प्रोफेसर बने

संवाददाता




**साहिबगंजः** कॉलेज की कक्षाओं में बैठकर अपने भविष्य की नींव रखने वाले डॉ रंजीत कुमार सिंह को उसी कॉलेज का शनिवार को प्राचार्य बनाया गया।सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के वॉयस चांसलर ने मॉडल कॉलेज राजमहल के प्राचार्य डॉ रणजीत कुमार सिंह को साहिबगंज कॉलेजसाहिबगंज का प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया है। यह नियुक्ति केवल एक प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं बल्कि उस कॉलेज के लिए भी गर्व का क्षण है।जहां डॉ रणजीत सिंह कभी एक सामान्य छात्र के रूप में ज्ञान अर्जित करने आते थे। डॉ रणजीत सिंह ने बताया कि अपनी उच्च शिक्षा की पूरी यात्रा साहिबगंज कॉलेज से ही पूरी की है ।साहिबगंज कॉलेज से इंटर, बीएससी, एमएससी और पीएचडी की डिग्री हासिल की। 1986- 2003 तक कॉलेज छात्र थे। 2003 से 2005 तक अनुबंध में शिक्षक में थे।उसके बाद ल्ल कॉलेज दुमका सहायक प्राध्यापक के पद पर, 2008 में साहिबगंज कॉलेज में जेपीएससी के माध्यम से सहायक प्राध्यापक के पद पर नियुक्त हुए। 2022 से लेकर अब तक मॉडल डिग्री कॉलेज राजमहल में प्रभारी प्राचार्य के पद पर रहे।राज्यपाल की ओर से मनोनीत सिंडिकेट सदस्य 2015 से 2021 तक थे।विश्वविद्यालय के खेल निदेशक के पद पर भी तीन वर्षों तक अपनी सेवा दी।वर्ष 2008 में झारखंड लोक सेवा आयोग जेपीएससी के माध्यम से भूगर्भ विज्ञान के सहायक प्रोफेसर के रूप में उनकी नियुक्ति हुई और उनका शिक्षकीय सफर भी इसी कॉलेज से शुरू हुआ। जिस संस्थान ने उन्हें छात्र के रूप में तराशा उसी संस्थान में उन्होंने शिक्षक बनकर नई पीढ़ी को ज्ञान दिया और अब उसी कॉलेज के प्राचार्य के रूप में नेतृत्व करने का अवसर मिला है।यह किसी भी शिक्षक और विद्यार्थी जीवन की बड़ी उपलब्धियों में से एक है। डॉ रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि साहिबगंज कॉलेज से उनका भावनात्मक जुड़ाव रहा है। जिस कॉलेज ने उन्हें पहचान दी,उसी की सेवा करने का अवसर मिलना उनके लिए गर्व और सौभाग्य की बात है।कुलपति ने जो मुझपर विश्वास दिखाया है उसपर खरा उतरूंगा ओर छात्रों,शिक्षकों कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित करके कॉलेज को बेहतर से बेहतर बनाते हुए शैक्षणिक वातावरण विकसित करेंगे।

## इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से अपना नामांकन करा सकते हैं: समन्वयक



**साहिबगंजः** इग्नू में जुलाई 2026 सत्र के लिए नामांकन एवं पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि 16 अगस्त 2026 तक विस्तारित इग्नू क्षेत्रीय केंद्र,देवघर के निदेर्शानुसार इग्नू अध्ययन केंद्र-3605,साहिबगंज महाविद्यालय के समन्वयक डॉ ध्रुब ज्योति कुमार सिंह ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू के जुलाई 2026 सत्र में नव नामांकन एवं पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि अब 16 अगस्त 2026 तक कर दी गई है। इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से अपना नामांकन करा सकते हैं।उन्होंने बताया कि नामांकन के लिए पीजी,यूजी, डिप्लोमा एवं विभिन्न सर्टिफिकेट कार्यक्रम उपलब्ध हैं। जुलाई 2026 सत्र के लिए पुनः पंजीकरण की प्रक्रिया भी 16 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से जारी है।डॉ।सिंह ने कहा कि इग्नू देश का सबसे बड़ा मुक्त विश्वविद्यालय है, जहाँ कम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण एवं यूजीसी मान्यता प्राप्त शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है। नौकरी या अन्य कार्यों के साथ अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के लिए इग्नू एक उत्कृष्ट विकल्प है। यहाँ स्व-अध्ययन सामग्री, ऑनलाइन अध्ययन संसाधन,लचीली अध्ययन व्यवस्था तथा देशभर में अध्ययन एवं परीक्षा केंद्रों की सुविधा उपलब्ध है।इग्नू की डिग्रियाँ उच्च शिक्षा एवं रोजगार के लिए पूर्णतः मान्य हैं।उन्होंने सभी इच्छुक विद्यार्थियों से अपील की कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना शीघ्र अपना नामांकन एवं पुनः पंजीकरण सुनिश्चित करें। कहा कि विस्तृत जानकारी के लिए इग्नू अध्ययन केंद्र-3605 साहिबगंज महाविद्यालय से सम्पर्क कर सकते है।



# फैन ने रणवीर के साथ किया फ्लर्ट



### रणवीर ने दिया मजाकिया जवाब

दीक्षा ने रणवीर से बात शुरू की और 'केमिस्ट्री फॉर कॉफी' कहा। रणवीर ने इसे मजाक में 'केमिस्ट्री ऑफ लव' समझ लिया और मुस्कुराते हुए बोले,'कितना फ्लर्ट कर रही हो, मैं दो बच्चों का बाप बनने वाला हूं यार।' दीक्षा नारंग ने पोस्ट में लिखा कि सेट पर रणवीर से बातचीत करना उनके लिए एक यादगार अनुभव था और उस दिन उन्हें रणवीर से चार बार बात करने का मौका मिला था। एक तरफ जहां कुछ फैंस रणवीर के इस मजाकिया अंदाज की तारीफ कर रहे हैं वहीं कुछ ने गुड न्यूज देने से पहले उनकी फिंगर्स क्रास करने वाला मोमेंट बहुत पसंद आया।

### फैंस ने की रणवीर की तारीफ

एक ने कमेंट करते हुए लिखा- 'उन्होंने जिस तरह ये कहते हुए अपनी फिंगर क्रॉस कर लीं, बस इतना प्यार करने वाला चाहिए।' एक ने लिखा- 'उनके ट्राइसेप्स तो देखो।' एक ने लिखा- 'रणवीर कितने क्यूट हैं।' ऐसे ही ढेरों कमेंट्स इस वीडियो पर हैं, जिसमें यूजर एक्टर की तारीफ कर रहे हैं। रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण दोबारा माता-पिता बनने वाले हैं। इसी साल 19 अप्रैल को कपल ने दुआ की एक क्यूट सी फोटो शेयर करते हुए इसका ऐलान किया था।

एक कमर्शियल शूट का 'बिहाइंड-द-सीन्स' वीडियो ऑनलाइन सामने आने के बाद एक्टर रणवीर सिंह चर्चा का केंद्र बन गए हैं। यह क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है और फैंस एक्टर की हाजिरजवाबी और खुशमिजाज पर्सनैलिटी की तारीफ कर रहे हैं। इस वीडियो को एक्ट्रेस दीक्षा नारंग ने शेयर किया है। इस वीडियो में महिला रणवीर से फ्लर्ट करने की कोशिश करती है जबकी वो हंसते हुए जवाब देते हैं कि वो दो बच्चों के बाप बनने वाले हैं। दीक्षा नारंग ने बताया कि इस वीडियो को उन्होंने अप्रैल 2026 में शूट किया था जब वो सुपरयू और स्टारबक्स के लिए एक कैंपेन शूट कर रही थीं।

### रणवीर सिंह की दी सलाह को नहीं भूलीं पूजा हेगड़े, बोलीं-

# कई लोगों ने मेरा...

कुछ सलाह ऐसी होती है, जो हमेशा काम आती है। फिर चाहे वह किसी से भी मिली हो। ऐसी ही एक सलाह अभिनेत्री पूजा हेगड़े को मिली थी अभिनेता रणवीर सिंह से, जो उनके काफी काम आ रही है। पूजा ने रणवीर के साथ फिल्म सर्कस में काम किया था, उसी दौरान एक्ट्रेस से 'धुरंधर 2' एक्टर ने ऐसी बात कही थी, जिसे वह कभी नहीं भूल पाईं। रणवीर सिंह की दी हुई सलाह को याद करते हुए पूजा कहती हैं, 'उन्होंने मुझसे फिल्म के सेट पर कहा था कि तुम्हें विज्ञापनों में काम करना चाहिए। हो सकता है कि हर कोई तुम्हारी फिल्म न देख पाए, लेकिन विज्ञापन ऐसी चीज है, जिसे लोग अवश्य देखते हैं।' रणवीर की यह बात सही थी। मैं दक्षिण भारतीय फिल्मों में भी काम करती हूं। ऐसा हो सकता है कि कई लोगों ने मेरा वहां का काम न देखा हो, लेकिन विज्ञापनों के जरिये वे अवश्य देख लेते हैं। फिल्म के सेट पर रणवीर की ऊर्जा को याद करते हुए पूजा एक किस्सा साझा करते हुए कहती हैं कि मुझे याद है कि सर्कस के सेट पर रणवीर म्यूजिक बजाते हुए चलकर आते थे और उस पर वह अपनी पूरी परफार्मेंस देते थे। हम सभी बैठकर देखते थे कि वह अपनी परफार्मेंस खत्म कर लें तो हम शूटिंग शुरू करें। मैं रणवीर को प्यार से सेट पर पम्मी आंटी भी कहती थी, क्योंकि उन्हें सब कुछ जानना होता था।



### सिर्फ स्क्रीन पर दिखना नहीं

# असर छोड़ने वाले किरदार निभाना चाहती हूं : बरखा सिंह

बरखा सिंह ने अपने करियर की शुरुआत हल्के-फुल्के रोमांटिक और कमिंग-ऑफ-एज किरदारों से की थी, लेकिन पिछले तीन सालों में उन्होंने अपनी अभिनय यात्रा को एक नया आयाम दिया है। क्रिमिनल जस्टिस और अब टैक्स डिपार्टमेंट स्टोरी जैसे प्रोजेक्ट्स में दमदार और चुनौतीपूर्ण किरदार निभाकर उन्होंने खुद को एक बहुमुखी अभिनेत्री के रूप में साबित किया है। बरखा का मानना है कि वह ऐसे किरदार निभाना चाहती हैं जो सिर्फ कहानी का हिस्सा न हों, बल्कि दर्शकों पर गहरी छाप भी छोड़ें।

टैक्स डिपार्टमेंट स्टोरी में वह पहली बार एक भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी के दमदार किरदार में नजर आएंगी। अपने बदलते करियर चुनावों पर बात करते हुए बरखा ने कहा कि टैक्स डिपार्टमेंट स्टोरी में हुक्रू अधिकारी का किरदार निभाना उनके लिए बेहद खास अनुभव रहा और इससे उन्हें यह और भी स्पष्ट हो गया कि आगे वह किस तरह के किरदार करना चाहती हैं। बरखा सिंह ने कहा, मैं टैक्स डिपार्टमेंट स्टोरी में IRS अधिकारी का किरदार निभाने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। मेरी कोशिश हमेशा ऐसे किरदार निभाने की रहती है जो कहानी में सिर्फ मौजूद न हों, बल्कि उसे आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएं। मुझे ऐसे किरदार पसंद है जिनकी अपनी मजबूत आवाज हो, जो आज के दौर की जटिलताओं को दिखाएं और दर्शकों को कुछ सोचने पर मजबूर करें।

अपनी विशलिस्ट के फिल्ममेकर्स का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, अगर मेरी विशलिस्ट की बात करूं तो लापता लेडीज के बाद मैं किरण राव के साथ काम करना चाहूंगी। इसके अलावा राख जैसी शानदार स्टोरीटेलिंग के लिए प्रोसित रॉय और पाताल लोक में बेहतरीन काम करने वाले अविनाश अरुण के साथ काम करना भी मेरा सपना है। इन तीनों की कहानी कहने की शैली बेहद अलग और प्रेरणादायक है।

बरखा सिंह जल्द ही टैक्स डिपार्टमेंट स्टोरी में एक बिल्कुल नए और दमदार अंदाज में IRS अधिकारी की भूमिका निभाती नजर आएंगी। दिलचस्प प्रोजेक्ट्स और स्पष्ट रचनात्मक सोच के साथ बरखा लगातार ऐसे किरदार चुन रही हैं जो न सिर्फ उनकी अभिनय क्षमता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं, बल्कि दर्शकों के दिलों में भी लंबे समय तक अपनी छाप छोड़ें।

# ग्लासगो में भारतीय बॉक्सरों की चमक, अंकुश-सचिन स्वर्ण विजेता, लवलीना को रजत

एजेंसी

**ग्लासगो :** राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारतीय मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी है। शनिवार को अंकुश पंघाल और सचिन सिवाच ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत के मुक्केबाजी अभियान को नई ऊंचाई दी, जबकि ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहाईं ने महिला 75 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया। इन शानदार प्रदर्शनों की बदौलत भारत पदक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गया।

### अंकुश पंघाल बने 80 किग्रा वर्ग के चैंपियन

पुरुषों के 80 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में अंकुश पंघाल ने मेजबान इंग्लैंड के शिड्डू डिमेजी को 4-1 के स्प्लिट फैसले से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

पहले राउंड में कुछ जजों के स्कोरकार्ड पर पिछड़ने के बावजूद अंकुश ने दूसरे और तीसरे राउंड में शानदार वापसी की। आक्रामक पंच, सटीक काउंटर अटैक और बेहतरीन रिंग कंट्रोल के दम पर उन्होंने मुकाबले का रुख अपने पक्ष में कर लिया। तीन जजों ने उन्हें 29-26 से विजेता घोषित किया, जबकि अन्य दो जजों ने 28-27 का फैसला दिया, जिनमें एक अंकुश और एक इंग्लैंड के मुक्केबाज के पक्ष में था।

### सचिन सिवाच ने रोमांचक मुकाबले में जीता गोल्ड

पुरुषों के 60 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में भारत के सचिन सिवाच ने नामीबिया के ट्रायअगेन मोर्नी नदेवेलो को बेहद करीबी मुकाबले में 3-2 के स्प्लिट निर्णय से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। तीनों राउंड में कांटे की टक्कर देखने को मिली। सचिन ने पूरे मुकाबले में संयम बनाए रखा और निर्णायक मौकों पर सटीक पंच लगाकर जजों को प्रभावित किया। अंत में तीन जजों ने भारतीय मुक्केबाज के पक्ष में फैसला सुनाया, जबकि दो जजों ने नामीबियाई खिलाड़ी को बढ़त दी।

### लवलीना को मिला रजत पदक

महिला 75 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में भारत की स्टार मुक्केबाज और टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहाईं को ऑस्ट्रेलिया की एम्मा-सू ग्रीनट्री के खिलाफ 4-1 के स्प्लिट फैसले से हार का सामना करना पड़ा। लवलीना ने पूरे मुकाबले में शानदार संघर्ष किया और कई प्रभावी पंच भी लगाए, लेकिन जजों ने ऑस्ट्रेलियाई मुक्केबाज की आक्रामकता और रिंग नियंत्रण को अधिक प्रभावी माना। इसके बावजूद लवलीना ने रजत पदक जीतकर भारत के पदक अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### मुक्केबाजी में भारत का दबदबा

शनिवार को भारतीय मुक्केबाजों ने कुल नौ पदक जीते, जिनमें सात स्वर्ण और दो रजत शामिल रहे। स्वर्ण पदक जीतने वालों में अंकुश पंघाल, सचिन सिवाच, अरुंधति चौधरी, प्रिया, साक्षी, प्रीति और जैस्मीन शामिल हैं, जबकि लवलीना बोरगोहाईं और जादूमणि सिंह ने रजत पदक हासिल किए। इसके अलावा पुरुषों की एफ-57 शॉटपुट स्पर्धा में भारत ने पहला और दूसरा स्थान हासिल किया तथा जूडो में कांस्य पदक भी जीता। इन उपलब्धियों के दम पर भारत ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 की पदक तालिका में चौथा स्थान हासिल कर लिया है।

भारत के खाते में अब तक 35 पदक आ चुके हैं, जिनमें 11 स्वर्ण, 16 रजत और 8 कांस्य पदक शामिल हैं। मुक्केबाजी में अभी भी कई भारतीय खिलाड़ी फाइनल में पहुंच चुके हैं, जिससे पदकों की संख्या में और इजाफा होने की उम्मीद है।



# 'भावनाओं को शब्दों की' जरूरत नहीं होती: सीरत



### दक्षिण भारतीय सिनेमा ने बदली उनकी सोच

अलग-अलग भाषाओं में काम करना मेरे लिए एक चुनौती भी रहा और सीखने का बड़ा मौका भी। इस अनुभव ने मुझे अभिनय में ज्यादा सहज, परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालने वाला और अपने काम के प्रति ईमानदार बनाया। इसने मुझे सिखाया कि भावनाओं को शब्दों की जरूरत नहीं होती।'' अभिनेत्री ने आज के दौर में कलाकारों के सामने आने वाली चुनौतियों पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, ''किसी कलाकार के लिए सबसे जरूरी बात यह है कि उसे सही कारणों से याद रखा जाए। लोकप्रियता और चर्चा कुछ समय के लिए हो सकती है, लेकिन अच्छे काम से मिलने वाला सम्मान लंबे समय तक बना रहता है।'' सीरत कपूर जल्द ही फिल्म 'जटस्या मरणम ध्रुवम' में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ दिग्गज अभिनेता जेडी चक्रवर्ती भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे।

यह फिल्म अगले महीने पांच भाषाओं में रिलीज होने वाली है। हाल ही में सीरत ने इस फिल्म की शूटिंग के दौरान हुए एक मुश्किल अनुभव को भी साझा किया था। अभिनेत्री ने बताया कि फिल्म के आखिरी क्लाइमेक्स सीन की शूटिंग के दौरान उन्हें चोट लग गई थी। उस सीन के लिए उन्होंने चूड़ियां पहनी थीं, लेकिन शूट पूरा होने के बाद हाथों में सूजन आने की वजह से उन्हें निकालना मुश्किल हो गया था। अपने इस अनुभव को याद करते हुए सीरत ने कहा, 'मुझे याद है जब हम फिल्म के आखिरी क्लाइमेक्स सीन की शूटिंग कर रहे थे। मैंने उस सीन के लिए चूड़ियां पहनी थीं और शूट पूरा होने के बाद सूजे हुए हाथों की वजह से हम उन्हें निकाल नहीं पाए। टीम की मदद से जैसे-तैसे चूड़ियां निकाली गईं।

**अभिनेत्री सीरत कपूर ने अपनी अभिनय यात्रा में दक्षिण भारतीय सिनेमा के योगदान को लेकर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि साउथ इंडस्ट्री में काम करने के अनुभव ने उन्हें किरदारों को ज्यादा गहराई से समझना सिखाया है। जब एक कलाकार अलग-अलग जगहों और संस्कृतियों के बीच काम करता है, तो वह भावनाओं को समझने और उन्हें पर्दे पर उतारने का तरीका बेहतर तरीके से सीखता है। सीरत कपूर ने बातचीत में कहा, ''दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री ने मेरे करियर को एक मजबूत आधार दिया।**

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का झाड़ोल के बीड़ा गांव में प्रातः भ्रमण

एजेंसी

**उदयपुर/जयपुर :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का उदयपुर जिले की झाड़ोल तहसील स्थित बीड़ा गांव में रात्रि प्रवास ग्रामीणों के लिए एक नए सवेरे की सौगात लेकर आया। रविवार सुबह मुख्यमंत्री को गांव की गलियों में अपने बीच पाकर ग्रामीण उत्साहित नजर आए। उन्होंने रात्रि चौपाल में ग्रामीणों के सुझावों पर पानी की व्यवस्था के लिए कुएं निर्माण, सरस डेयरी सेंटर और खेल मैदान की घोषणा तथा तत्काल स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने प्रातः भ्रमण के दौरान गांव की गलियों में घूमकर ग्रामीणों से संवाद किया, बच्चों को दुलारा और चॉकलेट वितरित की। स्कूली बच्चों से उनकी शिक्षा एवं भविष्य की आकांक्षाओं की जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं से वीबी-जी राम जी योजना की चर्चा की। साथ ही, बुजुर्गों से कुशलक्षेम पूछते हुए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ और किसानों से स्थानीय खेती एवं उपज की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों के साथ चाय पर चर्चा की और उनके अभाव अभियोग सुने। इस दौरान ग्रामीणों की मांग पर मुख्यमंत्री ने



अधिकारियों को गांव में जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गांव की समृद्धि देश की समृद्धि का आधार बन रही है। इसी कड़ी में हम निरंतर ग्राम विकास चौपाल आयोजित कर रहे हैं। इनसे गांव के लोगों की सहभागिता बढ़ रही है तथा गांव की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि बीड़ा गांव के ग्रामीण पशुपालन से जुड़े हुए हैं। यहां के लोग खेती और पशुपालन से आजीविका अर्जन करते हैं। छोटी जोत होने के कारण भी यहां के किसान मेहनत करते हुए प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। हमारी माता-बहनें पशुपालन सहित सभी क्षेत्रों में बहुत अच्छा काम कर रही हैं। गांव में डेयरी नहीं होने के कारण ग्रामीणों को दूर जाना पड़ता था। इसलिए कल रात्रि चौपाल के दौरान हमने यहां सरस डेयरी केंद्र की स्वीकृति दी है और इस घोषणा के क्रियान्वयन भी शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीविका महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण का माध्यम बन गया है। वहीं, किसानों एवं पशुपालकों को भी सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जिससे हमारे गांव सशक्त, समृद्ध एवं आर्थिक रूप से मजबूत बन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासन के सतत प्रयास एवं ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी गांव के विकास का आधार है। उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता अपनाने और उन्नत-प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने गांव में स्थित श्री आवरा माता मंदिर में दर्शन किए और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान के तहत गांव में ही पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित राजस्थान का संदेश दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने साफा पहनाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हिमाचल के हजारों सेब बागवानों को एक सप्ताह में मिलेगा बकाया भुगतान

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के हजारों सेब बागवानों का लंबे समय से चला आ रहा इंतजार अब खत्म होने की ओर है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमआईएस) योजना के तहत खरीदे गए सेब का बकाया भुगतान अगले एक सप्ताह के भीतर शुरू होने की तैयारी पूरी कर ली गई है। राज्य सरकार ने इसके लिए जरूरी धनराशि उपलब्ध करा दी है और अब भुगतान सीधे बागवानों के बैंक खातों में भेजा जाएगा। जानकारी के अनुसार वित्त विभाग ने एमआईएस भुगतान के लिए 19.5 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि जारी की है। इसके बाद बागवानी विभाग ने लाभार्थियों का आवश्यक डाटा तैयार कर लिया है। विभाग अब डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से भुगतान की प्रक्रिया शुरू करेगा। विभागीय तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं और जैसे ही डीबीटी प्रक्रिया पूरी होगी, बकाया राशि किसानों के खातों में भेजनी शुरू कर दी जाएगी। प्रदेश के विभिन्न जिलों के करीब 45 हजार बागवानों को एमआईएस के तहत खरीदे गए सेब का भुगतान किया जाना है। इनमें से लगभग नौ हजार बागवानों को पहले ही उनकी लंबित राशि मिल चुकी है। अब शेष लाभार्थियों के खातों में भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। सरकार ने भुगतान की प्रक्रिया में छोटे और सीमांत बागवानों को प्राथमिकता देने का फैसला किया है। सबसे पहले उन किसानों का बकाया जारी किया जाएगा जिनकी आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत कमजोर है। इसके बाद अन्य पात्र बागवानों के खातों में भी चरणबद्ध तरीके से राशि भेजी जाएगी। यह पहली बार नहीं है जब सरकार ने एमआईएस भुगतान के लिए धनराशि जारी की है। इससे पहले भी 33 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। अब 19.5 करोड़ रुपये की नई राशि मिलने के बाद लंबे समय से अटके भुगतान का रास्ता साफ हो गया है।

## अनुशासनहीनता पर बसपा ने अशोक सिद्धार्थ और रणधीर सिंह बेनीवाल को पार्टी से निकाला

**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अनुशासनहीनता और पार्टी के दिशा-निर्देशों के उल्लंघन के आरोप में पूर्व राज्यसभा सदस्य अशोक सिद्धार्थ और पार्टी के को-ऑर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनीवाल को तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित कर दिया है। अशोक सिद्धार्थ बसपा प्रमुख मायावती के समधी तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता आकाश आनंद के ससुर हैं। रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी सिलसिलेवार पोस्ट में मायावती ने कहा कि अशोक सिद्धार्थ को पहले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान टिकट वितरण के मुद्दे पर प्रदेश नेतृत्व के साथ तालमेल नहीं बैठा पाने और अनुशासनहीनता के कारण पार्टी से निकाला गया था। बाद में इस शर्त पर उन्हें दोबारा पार्टी में शामिल किया गया कि वे भविष्य में ऐसी गलती नहीं करेंगे। मायावती के अनुसार, दोबारा जिम्मेदारी मिलने के बाद भी अशोक सिद्धार्थ अपने दायित्वों का निर्वहन अपेक्षित ढंग से नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के अलावा ओडिशा और पश्चिम बंगाल से भी उनके खिलाफ पार्टी के दिशा-निर्देशों की अनदेखी और अनुशासनहीनता की शिकायतें लगातार मिलती रहीं। कई बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद सुधार नहीं होने पर पार्टी और आंदोलन के हित में उन्हें स्थायी रूप से निष्कासित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब उन्हें भविष्य में दोबारा पार्टी में शामिल नहीं किया जाएगा। बसपा प्रमुख ने अपने पोस्ट में बताया कि सहारनपुर निवासी एवं पार्टी के को-ऑर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनीवाल को भी अनुशासनहीनता और पार्टी निर्देशों के उल्लंघन के आरोप में निष्कासित किया गया है। बेनीवाल के पास पंजाब के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के कुछ क्षेत्रों की संगठनात्मक जिम्मेदारी थी। उनके खिलाफ भी लगातार शिकायतें मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई। मायावती ने बताया कि संगठन में राष्ट्रीय स्तर पर किए गए फेरबदल के तहत राज्यसभा सांसद रामजी गौतम को अन्य राज्यों के साथ पुनः पंजाब का प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि रामजी गौतम आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव ही नहीं, बल्कि अगले लोकसभा चुनाव तक भी यह जिम्मेदारी निभाएंगे। बसपा प्रमुख ने यह भी कहा कि पार्टी ने नीतिगत निर्णय लिया है कि उत्तर प्रदेश के जो वरिष्ठ पदाधिकारी और को-ऑर्डिनेटर अन्य राज्यों में संगठनात्मक जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, उन्हें उत्तर प्रदेश में कोई संगठनात्मक दायित्व नहीं दिया जाएगा। मायावती ने पार्टी कार्यकताओं से अपील की कि वे ऐसे शरारती और षड्यंत्रकारी तत्वों से सतर्क रहें, जो किसी न किसी बहाने पार्टी के अभियान को नुकसान पहुंचाने या उसका ध्यान भटकाने का प्रयास करते हैं। साथ ही उन्होंने मीडिया से भी आग्रह किया कि वह बसपा के संबंध में तथ्यों पर आधारित खबरें ही प्रकाशित और प्रसारित करे तथा विरोधी दलों के कथित दुष्प्रचार का माध्यम बनने से बचे।

## जम्मू-कश्मीर के मेंढर में भूस्खलन, एक स्कूल और कई घर हुए क्षतिग्रस्त

**पुंछ :** पुंछ जिले की मेंढर तहसील के सरोती जबरान गांव में जबरदस्त भूस्खलन से भारी नुकसान हुआ है। यहां एक स्कूल और कई घर गिर चुके हैं जबकि बाकी कई घरों में धीरे-धीरे दरारें पड़ रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार जमीन खिसकने की घटना पिछले कई दिनों से धीरे-धीरे हो रही थी, लेकिन अब स्थिति बहुत गंभीर हो गई है, क्योंकि जमीन लगातार खिसक रही है। पूरी बस्ती पर खतरा मंडराने से आशंका है कि आने वाले दिनों में और भी घर गिर सकते हैं। जमीन के लगातार खिसकने और उनके घरों में बढ़ती दरारों की वजह से प्रभावित लोग डर और अनिश्चितता के माहौल में जी रहे हैं। निवासियों ने सरकार और स्थानीय प्रशासन से अपील की है कि वे तुरंत स्थिति का जायजा लें और किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान को रोकने के लिए प्रभावित परिवारों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाने के लिए तत्काल कदम उठाएं। उन्होंने मेंढर के सभी राजनीतिक नेताओं और जन-प्रतिनिधियों से भी अपील की है कि वे आगे आएं और इस मुश्किल समय में प्रभावित परिवारों की हर संभव मदद करें। निवासियों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि वे आपातकालीन आधार पर मौके पर एक विशेषज्ञ टीम भेजें, प्रभावित इलाके का विस्तृत जायजा लें और खतरे की जद में आए पूरे इलाके के लोगों को सुरक्षित जगह पर बसाने के लिए तत्काल इंतजाम करें।

## दिल्ली-जयपुर हाईवे पर केमिकल से भरा मिनी ट्रक पलटा, चालक केबिन में फंसा

**जयपुर :** दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे-48 पर रविवार को जागुवास फ्लाईओवर के ऊपर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब केमिकल से भरा एक मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में फंस गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची तथा तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। जानकारी के अनुसार मिनी ट्रक उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से केमिकल लेकर जयपुर जा रहा था। जागुवास फ्लाईओवर पर अचानक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे चालक वाहन के केबिन में बुरी तरह फंस गया। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों की मदद से चालक को बाहर निकालकर तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। कार्यवाहक थानाधिकारी बलराम यादव ने बताया कि हादसे में चालक के दोनों पैरों में गंभीर चोटें आई हैं और उसका उपचार जिला अस्पताल में जारी है। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को बाद में क्रेन की सहायता से हाईवे से हटाकर सड़क किनारे सुरक्षित खड़ा कराया गया, जिससे यातायात सुचारु रूप से संचालित हो सके। चूंकि ट्रक में केमिकल भरा हुआ था, इसलिए किसी भी प्रकार की आग या रासायनिक प्रतिक्रिया की आशंका को देखते हुए दमकल विभाग की टीम ने पूरे वाहन पर लगातार पानी का छिड़काव किया।सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बाद में ट्रक को आबादी क्षेत्र से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर गांव शेरपुर के पास एक खुले स्थान पर ले जाकर खड़ा किया गया। प्रशासन ट्रक मालिक से संपर्क कर यह जानकारी जुटा रहा है कि वाहन में किस प्रकार का रासायनिक पदार्थ भरा हुआ था, ताकि आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जा सकें। घटना की सूचना मिलते ही बहरोड़ कार्यालय के कानूनगो, पटवारी, कार्यवाहक थानाधिकारी बलराम यादव, सदर थानाधिकारी मनोहर सिंह, डीएसपी सचिन शर्मा तथा दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और हाईवे पर यातायात को व्यवस्थित ढंग से संचालित कराया। फिलहाल पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

## पूर्व मंत्री शशि पांजा का काकली घोष दस्तीदार से मुलाकात के बाद अटकलें तेज

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद तृणमूल कांग्रेस के कई नेता ममता बनर्जी का साथ छोड़ चुके हैं। कई नेता ऋतब्रत बनर्जी के खेमे में शामिल हुए हैं, जबकि पार्टी के 20 सांसद एनसीपीआई में जा चुके हैं। इनमें कई पूर्व मंत्री भी शामिल हैं। अब पूर्व महिला एवं बाल विकास मंत्री और श्यामपुकुर की पूर्व विधायक शशि पांजा को लेकर भी राजनीतिक अटकलें तेज हो गई हैं। अटकलों को और हवा तब मिली, जब रविवार सुबह काकली घोष दस्तीदार के पुत्र वैद्यनाथ घोष दस्तीदार ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दावा किया कि ₹शशि पांजा बहुत जल्द तृणमूल छोड़ने वाली हैं।₹ हालांकि कुछ समय बाद उन्होंने यह पोस्ट हटा दिया। शनिवार को शशि पांजा ममता बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास से करीब 800 मीटर दूर स्थित काकली घोष दस्तीदार के फर्टिलिटी क्लिनिक पहुंचीं। काकली उन 20 पूर्व तृणमूल सांसदों में शामिल हैं, जिन्होंने एनसीपीआई का दामन थाम लिया है।

## अमेरिकी राज्य इडाहो के रेस्टोरेंट में तीन लोगों की गोली मारकर हत्या, शूटर भी ढेर

**वाशिंगटन :** अमेरिका के पर्वतीय राज्य इडाहो के ट्विन फॉल्स शहर के मशहूर इन-एन-आउट बर्गर नामक रेस्टोरेंट में शनिवार दोपहर तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। कथित बंदूकधारी भी भागते समय मारा गया। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। इस रेस्टोरेंट ग्रैंड ओपनिंग एक हफ्ते पहले धूमधाम से की गई थी। समाचार चैनल सीबीएस न्यूज के स्थानीय प्रसारण केंद्र केएमवीटी की रिपोर्ट के अनुसार, ट्विन फॉल्स शहर के जन संपर्क अधिकारी जोश पामर ने बताया कि पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने पुष्टि की कि गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि शूटर भागते समय मारा गया है। वह पुलिस की गोली से मारा गया या उसने खुद को गोली मार ली, यह अभी साफ नहीं हो सका है। केएमवीटी के अनुसार, सोशल मीडिया में साझा किए गए वीडियो में बदहवाश लोग रेस्टोरेंट से निकलकर ब्लू लेक्स और ब्रिजव्यू चौराहे की ओर भागते हुए नजर आ रहे हैं। दूसरे वीडियो में एक व्यक्ति बंदूक पकड़े हुए ड्राइव-थ्रू में एक कार के पास आता दिख रहा है। इस वीडियो को रिकॉर्ड करने वाले एलेक्सिस एगुइलर ने कहा कि वह और उसके कुछ दोस्त बर्गर खाने के लिए इस रेस्टोरेंट पर जा रहे थे। अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी। इसके बाद लोग रेस्टोरेंट से जान बचाकर भागते नजर आए। पुलिस का कहना है कि इडाहो राज्य की सभी सीमाएं सील कर दी गई हैं। इस राज्य की सीमाएं मोंटाना, व्योमिंग, नेवादा, यूटा, ओरेगन, वाशिंगटन और कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत से मिलती हैं।

## 'रन फॉर थैलेसीमिया' मैराथन संपन्न, मंत्री ने विजेताओं को किया सम्मानित



एजेंसी

**देहरादून :** थैलेसीमिया के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रविवार को पवेलियन ग्राउंड में आयोजित पांच किलोमीटर लंबी 'रन फॉर थैलेसीमिया' मैराथन का उत्साहपूर्ण समापन हुआ। प्रतियोगिता में युवाओं, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित सैकड़ों शहरवासियों ने भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और थैलेसीमिया के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।0 मैराथन का शुभारंभ पवेलियन ग्राउंड से हुआ। प्रतिभागी कनक चौक, दिलाराम चौक और ब्रह्म कमल चौक होते हुए पुनः पवेलियन ग्राउंड पहुंचे, जहां दौड़ का समापन हुआ। समापन समारोह में प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण के लिए खेलों को जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नियमित खेलकूद और शारीरिक गतिविधियां न केवल शरीर को स्वस्थ रखती हैं, बल्कि अनेक गंभीर बीमारियों से बचाव में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। थैलेसीमिया जैसी बीमारी के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए इस प्रकार के आयोजन अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि मोबाइल और आरामपरस्त जीवनशैली के कारण लोगों की शारीरिक गतिविधियां लगातार कम हो रही हैं, जिससे विभिन्न बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। उन्होंने युवाओं से प्रतिदिन कुछ समय खेल और व्यायाम के लिए निकालने का आह्वान करते हुए कहा कि उत्तराखंड में फिटनेस संस्कृति को बढ़ावा देना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

## पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने दिखाई हरी झंडी, 65 बाइक राइडर्स कालिंजर के लिए रवाना

एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को 'द राइडिंग चैप्टर्स : विजिट माय स्टेट' के प्रथम संस्करण का शुभारंभ करते हुए 65 बाइक राइडर्स के दल को लखनऊ के 1090 चौराहे से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहल का उद्देश्य एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के कम चर्चित विरासत, प्राकृतिक स्थलों और धरोहरों को नए पर्यटन अनुभव के रूप में देश-दुनिया के यात्रियों के सामने प्रस्तुत करना है। इस अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्यटन नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से 65 सदस्यीय बाइक राइडर्स के दल को कालिंजर किले की रोमांचक यात्रा के लिए रवाना किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि लखनऊ से कालिंजर तक की इस यात्रा को सुरक्षित, सुगम और यादगार बनाने के लिए पर्यटन विभाग के साथ-साथ मार्ग में पड़ने वाले सभी संबंधित जिलों के जिलाधिकारी एवं स्थानीय प्रशासन पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। मंत्री ने ये भी कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य पर्यटन विकास को जनभागीदारी से जोड़ना है। इस



अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को उत्तर प्रदेश की समृद्ध विरासत, एडवेंचर टूरिज्म और अल्पज्ञात स्थलों से जोड़कर उन्हें पर्यटन का सक्रिय दूत बनाना है।'

अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग अमृत अभिजात ने कहा कि 'पर्यटन विभाग राज्य के चर्चित स्थलों के साथ अपेक्षाकृत कम लोकप्रिय स्थलों को उभारने पर भी ध्यान दे रहा है। बांदा जनपद स्थित कालिंजर का किला ऐसा ही स्थल है, जिसे पर्यटन परिदृश्य में लाने की आवश्यकता है। उत्साह से भरपूर 65 सदस्यीय बाइक सवारों का दल ऐसे स्थलों को प्रमोट करेंगे। उन्होंने कहा कि 'द राइडिंग चैप्टर्स' इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो यात्रियों को उत्तर प्रदेश की समृद्ध विरासत, ग्रामीण परिवेश और छिपी हुई पर्यटन संपदाओं से जोड़ने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड के प्राकृतिक परिवेश और मानसून के मौसम को ध्यान में रखकर यह आयोजन किया गया है।' उन्होंने आगे कहा कि 'बाइकर्स रास्तों में गुजरने के दौरान ग्रामीणों से मिलें। वीडियो बनाएं और सोशल मीडिया के माध्यम से अपने अनुभवों को दुनिया को बताएं। इससे उत्तर प्रदेश के उन पर्यटन स्थलों की जानकारी भी प्रदेश और देश को लोगों को मिलेगी, जो अब तक अनछुए हैं।' करीब 330 किलोमीटर लंबी इस पहली पर्यटन बाइक यात्रा का रूट लखनऊ, कानपुर, बिंदकी और बांदा होते हुए ऐतिहासिक कालिंजर किले तक निर्धारित किया गया है। यात्रा का समापन धर्मनगरी चित्रकूट में होगा। इस दौरान प्रतिभागी बांदा के गुलमोहर ईको स्पॉट पर रुकेंगे, जहां उन्हें बुंदेलखंड की ग्रामीण संस्कृति, पारंपरिक खानपान और ग्रामीण पर्यटन की अनूठी झलक देखने का अवसर मिलेगा।

## विश्व अंगदान दिवस पर सीवान में ब्लाइंड वॉक, 'एक संकल्प-कई जिंदगियों को नई रोशनी' का दिया संदेश



एजेंसी

**सीवानः** विश्व अंगदान दिवस के अवसर पर रविवार को सीवान में मानवता, सेवा और जनजागरूकता का अनूठा संगम देखने को मिला। दधीची देहदान समिति की सीवान इकाई, सीवान ब्लड डोनर क्लब एवं रोटरी क्लब ऑफ सीवान संकल्प के संयुक्त तत्वावधान में गांधी मैदान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर तथा ब्लाइंड वॉक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को अंगदान और नेत्रदान के महत्व से अवगत कराना तथा समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचाना था। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की निःशुल्क ब्लड शुगर और रक्तचाप की जांच की गई। इसके बाद प्रतिभागियों ने अपनी आंखों पर काली पट्टी बांधकर गांधी मैदान से जेपी चौक तक ब्लाइंड वॉक निकाली। इस प्रतीकात्मक यात्रा के माध्यम से लोगों को दृष्टिबाधित व्यक्तियों के दैनिक जीवन की कठिनाइयों का अनुभव कराया गया और यह संदेश दिया गया कि नेत्रदान किसी की अंधेरी दुनिया में नई रोशनी ला सकता है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ₹जीते जी रक्तदान और मृत्यु के बाद अंगदान, मानवता की सबसे बड़ी सेवा है।₹ उन्होंने लोगों से मृत्यु के उपरांत अपने अंग एवं नेत्र दान करने का संकल्प लेने की अपील करते हुए कहा कि एक व्यक्ति का यह निर्णय कई जरूरतमंद लोगों को नया जीवन देने के साथ अनेक परिवारों की खुशियां लौटा सकता है। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवकों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजकों ने कहा कि जब समाज सेवा के लिए विभिन्न संस्थाएं एक मंच पर आती हैं, तो

## अमेरिका और इजराइल फिर ईरान में तबाही मचाने की तैयारी में, तेहरान ने भी कसी कमर

एजेंसी

**वाशिंगटन/तेल अवीव/ तेहरान :** होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर जारी टकराव के भीषण रूप लेने के आसार बढ़ गए हैं। अमेरिका और इजराइल की 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ की गई एकीकृत सैन्य कार्रवाई के बाद अब फिर दोनों देश उससे भी जोरदार बमबारी करने की तैयारी कर रहे हैं। इस बार अमेरिका और इजराइल ईरान के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर (ऊर्जा से जुड़े बुनियादी ढांचे) को नष्ट करने का चक्रव्यूह तैयार किया है। ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर ऐसा हुआ तो यह जंग खाड़ी से बाहर तक फैल जाएगी। उनके सैनिक दुश्मन के घर पर घुसकर हमला करने से नहीं चूकेंगे। ईरान की आक्रामता का मुकाबला करने के लिए इजराइली सेना ने अपनी रक्षात्मक तैयारी बढ़ा दी है। सीबीएस न्यूज, एक्सिओस, यनेट (वाई नेट) और अल जजीरा की विस्तृत रिपोर्ट में इस सबका जिक्र किया गया है। सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान मौजूदा हालात से चिंतित हैं। उन्होंने शनिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात की और उन्हें



ईरान पर नए सिरे से हमले करने के खिलाफ आगाह किया। उधर, अमेरिकी दूतावासों ने अम्मान (जॉर्डन), यरूशलेम और बगदाद सहित मध्य पूर्व की कई राजधानियों में रह रहे अमेरिकी नागरिकों को वहां से निकलने के लिए तैयार रहने को कहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने इससे पहले शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक में कहा कि अमेरिका पीछे नहीं हटेगा। ईरान को झुकना होगा। उन्होंने दोहराया कि वियतनाम, अफगानिस्तान और कोरिया में भी युद्ध लंबे समय तक चला था। सूत्रों का दावा है कि ईरान के खिलाफ हमले इसी सप्ताहांत में शुरू हो सकते हैं। अमेरिका और इजराइल की सैन्य तैयारियों के बीच ईरान के सांसद और नेशनल सिक्योरिटी एंड फॉरेन पॉलिसी कमीशन के सदस्य इब्राहिम रेजाई ने चेतावनी दी है कि ईरान की सेना अमेरिका के किसी भी हमले का कड़ा जवाब देने के लिए तैयार है। इस बार जवाब फारस की खाड़ी तक सीमित नहीं रहेगा। दुश्मन के सभी ठिकानों पर हमले किए जाएंगे। खाड़ी में मौजूद तेल और गैस सुविधाओं को मटियामेट कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और ट्रंप को किसी गलतफहमी में नहीं रहना चाहिए। ट्रंप की ईरान को पाषाण युग में भेजने की धमकी जगहंसाई करा चुकी है। ईरान का बाल बांका भी नहीं बिगड़ा है। ईरानी सेना का हौसला बुलंद है। मौजूदा हालात पर ईरान ने मध्यस्थ देशों से संपर्क किया है। विदेशमंत्री अब्बास अरागची ने शनिवार को तुर्किये, पाकिस्तान और सऊदी अरब के वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने इस देशों से कहा कि वह अमेरिका को बता दें कि इसका अंजाम बहुत खराब होगा।

होर्मुज जलडमरूमध्य में उमड़-घुमड़ रहे युद्ध के बादलों के बीच ब्रिटिश नौसेना ने कहा कि इस अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग में शनिवार को एक कमर्शियल टैंकर पर हमला किया गया। दूसरे टैंकर को निशाना बनाया गया, पर उसे ज्यादा क्षति नहीं हुई। इन दोनों के पास जोरदार धमाके किए गए। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑर्गनाइजेशन ने कहा कि शुक्रवार को ओमान के लीमा से 11 नॉटिकल मील उत्तर-पूर्व में एक अज्ञात चीज (प्रोजेक्टाइल) जहाज से टकराई। इस हमले से जहाज का इंजन रूम क्षतिग्रस्त हो गया। शनिवार को एक अन्य टैंकर के पास पानी में तेजी से हलचल (स्प्लैश) और धमाके की सूचना मिली। यह टैंकर खसाब शहर से 21 नॉटिकल मील उत्तर-पश्चिम में था। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, ओमान के तट पर फंसे एक प्रतिबंधित टैंकर से कच्चा तेल रिस रहा है।

# पूर्वी सिंहभूम में 102 करोड़ की सड़क परियोजना को मंजूरी, 22.4 किमी सड़क का होगा पुनर्निर्माण

**संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड सरकार ने पूर्वी सिंहभूम जिले में 22.445 किलोमीटर लंबी सड़क के पुनर्निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना पर कुल 102.40 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके लिए राज्य सरकार ने अपने हिस्से के 21.53 करोड़ रुपये की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति दी है।

यह सड़क भुईयांसिनान से सुसनी होते हुए हाथीखेदा मंदिर तक बनाई जाएगी। यह परियोजना केंद्र सरकार की केंद्रीय सड़क एवं आधारभूत संरचना निधि (सीआरआईएफ) के तहत पूरी की जाएगी।



इस योजना में केंद्र सरकार पहले ही 73.51 करोड़ रुपये की मंजूरी दे चुकी है। वहीं, राज्य सरकार भूमि अधिग्रहण, यूटिलिटी शिफ्टिंग और अन्य जरूरी कार्यों पर 21.53 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसमें भूमि अधिग्रहण के लिए 11.08 करोड़ रुपये और यूटिलिटी शिफ्टिंग के लिए 1.27 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में इस परियोजना का काम पूरा करने का लक्ष्य रखा है। राशि की निकासी जमशेदपुर कोषागार से होगी और काम की जिम्मेदारी पथ प्रमंडल, जमशेदपुर के कार्यपालक अभियंता को दी गई है।

सरकार का कहना है कि सड़क बनने से स्थानीय लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी। साथ ही हाथीखेदा मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को भी इसका लाभ मिलेगा।

लातेहार दवा दुकान की आड़ में चल रहा था डिलीवरी व अर्बाशन सेंटर, छापा मारा गया

# प्रशासन ने तत्काल सौम्या मेडिकल स्टोर को किया सील, संचालक हिरासत में

**संवाददाता**

**लातेहार :** रेलवे स्टेशन रोड में स्थित सौम्या मेडिकल स्टोर में उपायुक्त संदीप कुमार के निर्देश पर गठित एक टीम ने शनिवार रात छापा मारा। उपायुक्त को सूचना मिली थी कि यहां अवैध गतिविधियां संचालित हो रही हैं। छापेमारी दल में सिविल एसडीओ दिनेश कुमार, प्रभारी सिविल सर्जन विवेक विद्यार्थी, अंचल अधिकारी नंद कुमार राम, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन व थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा व अन्य शामिल थे।



प्रारंभिक जांच में पता चला कि इस दवा दुकान में गर्भपात कराने का कार्य किया जाता है। खबरों के अनुसार नगर पंचायत के कर्मियों को उस दुकान से उठाये गये मेडिकल वेस्ट के एक प्लास्टिक के थैले में पांच-छह महीने के भ्रूण के क्षत विक्षत अवशेष मिले थे, इसके बाद उन्होने इसकी सूचना नगर पंचायत के अधिकारियों को दी। नगर पंचायत के अधिकारियों ने तत्काल इसकी सूचना उपायुक्त व एसडीओ को दी। मामला संज्ञान में आने के बाद उपायुक्त के निर्देश पर गठित टीम ने उक्त मेडिकल स्टोर में छापामारी की।

टीम ने दुकान से एक्सपायरी दवाइयां भी बरामद की हैं। जांच में अवैध गर्भपात कराये जाने के संकेत मिले हैं। वहां से चिकित्सीय उपकरण भी बरामद किये गये हैं। प्रशासन ने तत्काल दुकान को सील कर दिया गया है। संचालक सागर कुमार को हिरासत में ले कर पूछताछ की जा रही है। बरामद भ्रूण के अवशेष को जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजा जायेगा।

## भाजपा नेता को मातृ शोक

**मेट्रोरेज संवाददाता**



**मेदिनीनगर:** वर्तमान में हमीदगंज निवासी पांडू प्रखंड से भाजपा नेता संजय गुप्ता की माता वृंदा देवी 97 वर्ष का बीती रात हो गया निधन । आज सुबह उनके पैतृक आवास पांडू मे बाके नदी तट पर उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। स्वर्गीय वृंदा देवी अपने पीछे पांच पुत्र-पुत्रवधू एक पुत्री, नाती-पोता - पोती से भरा पूरा परिवार छोड़कर इस दुनिया से विदा हो गई। मुखाग्नि सबसे छोटे पुत्र राजू कुमार गुप्ता ने दी।

अंतिम संस्कार कार्यक्रम में पार्टी के वरीय नेता सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे अनुज पांडे ,मनीष गुप्ता ,सुशील सिंह, संदीप गुप्ता ,प्रदेश कर समिति सदस्य संध्या सिंह मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर सिंह ,प्रेमसागर सिंह, कृष्ण विजय सिंह, जयकुमार सिंह ,पूर्व प्रमुख अनूप गुप्ता ,डॉक्टर जे अहमद राकेश रंजन सोनी सहित गांव प्रखंड के गणमान्य व्यक्तित्व मौजूद थे।

## शार्ट सर्किट से विद्यासागर बुक डिपो में लगी आग, लाखों का नुकसान



**गुमला:** जिले के पालकोट रोड टेलीफोन एक्सचेंज के सामने स्थित विद्यासागर बुक डिपो दुकान में रविवार सुबह आग लग गयी, घटना सुबह करीब 5:15 बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार, आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। देखते ही देखते आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान दुकान के मालिक श्रवण कुमार अपनी पत्नी और दो छोटे-छोटे बच्चों के साथ अंदर फंस गए। घर से बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता दुकान ही था। दुकान मालिक सपरिवार अपनी छत पर चले गए, आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए शटर तोड़ा। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना में पीड़ित को करीब 8 लाख रुपये का नुकसान हुआ।

## थाना क्षेत्रों में अड्डेबाजी के विरुद्ध चलाया गया विशेष अभियान




**मेदिनी नगर:** पुलिस अधीक्षक, पलामू के निदेर्शानुसार एक अगस्त को देर रात में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में अड्डेबाजी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सभी थाना के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर अड्डेबाजी कर रहे 100 से अधिक व्यक्तियों को पूछताछ हेतु उन्हें संबंधित थाना लाया गया।

पूछताछ के उपरांत संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में अड्डेबाजी, कानून-व्यवस्था भंग करने अथवा किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि में शामिल नहीं होने की सख्त हिदायत एवं समझा बुझाकर छोड़ दिया गया। साथ ही स्पष्ट किया गया कि दोबारा ऐसी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## ससुराल पक्ष को आत्महत्या के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए छह लोगों के खिलाफ मृतक के पिता ने दर्ज कराया प्राथमिकी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हैदरनगर थाना क्षेत्र के चेचरिया गांव निवासी बुधन राम ने हुसैनाबाद के देवरी ओपी में लिखित आवेदन देकर अपने पुत्र रंजीत कुमार 28 की मौत के मामले में ससुराल पक्ष के छह लोगों को आत्महत्या के लिए जिम्मेदार ठहराया है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि 28 जुलाई को रंजीत कुमार अपनी पत्नी को लाने के लिए देवरी कला स्थित ससुराल गया था, जहां उसकी पत्नी सहित अन्य परिजनों ने उसके साथ मारपीट, गाली-गलौज और दुर्व्यवहार किया। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि पहले भी कई बार उसके बेटे के साथ मारपीट की गई थी और दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी दी जाती थी। आवेदन के अनुसार, इन घटनाओं से आहत होकर रंजीत कुमार ने कथित रूप से जहर खा लिया। शाम करीब सात बजे ससुराल पक्ष की ओर से परिजनों को फोन कर इसकी सूचना दी गई। बाद में उसकी मौत की खबर मिलने पर परिजन अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचे। दाह-संस्कार के बाद 31 जुलाई को बुधन राम ने लिखित शिकायत देकर पत्नी रिया देवी सहित छह लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मामले में रिया देवी, अलखी देवी, अजय राम, गंगिया कुंवर, लक्ष्मण राम और अशोक राम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## दिक्षिता ने पत्ताचित्र कला से बनाई अपनी अलग पहचान

**चक्रधरपुर:** रेल कर्मचारी की बेटी दिक्षिता जो काफी समय से चित्रकला में रुचि रखते आई है । उसने आए दिन एक से बढ़कर कलाकारी से लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया है । हाल ही में उसने पत्ताचित्र पेंटिंग बना कर सोशल मीडिया पर साक्षा किया।



पत्ताचित्र कला ,इस क्षेत्र में बहुत कम लोग काम करते है। पत्ताचित्र पेंटिंग को बनाने में अपने हाथों से तैयार किये गये पेपर और रंग का कमाल होता है और इसको तैयार करने में 20-22 दिन का समय लगता है। कलाकार दीक्षिता चित्रकारी के साथ- साथ फैशन में काफी रुचि रखती है।

## उड़ीसा के कटक शहर के धार्मिक स्थल का बीएम न्यूज के साथ आप भी करें परिभ्रमण



उड़ीसा के कटक शहर में चंडी माँ का मंदिर श्रद्धा और निष्ठा का अनुपम स्थल है । दूर दराज से यहाँ श्रद्धालु माँ के दर्शन करने के लिए आते हैं और माँ का दर्शन कर हर्षित और प्रसन्नचित्त होते हैं। यूँ तो प्रतिदिन मंदिर में भक्तजनों और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है परन्तु विशेष दिनों में माँ की पूजा अर्चना और दर्शन के लिए काफी संख्या में भक्तजनों और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है।

राष्ट्रीय विज्ञान सप्ताह का आयोजन

# विद्यार्थियों ने भारतीय वैज्ञानिकों व भारतीय ज्ञान परंपरा के बारे में जाना




**संवाददाता**

**चतरा:** जिला मुख्यालय के दीभा मोहल्ला स्थित स्थानीय इन्दुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय के विशाल असेंबली हॉल में शनिवार को राष्ट्रीय विज्ञान सप्ताह 2026 के अंतिम दिन विद्यार्थियों के लिए भारतीय वैज्ञानिकों एवं भारतीय ज्ञान परंपरा (आईकेएस) पर विशेष जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना तथा भारत के महान वैज्ञानिकों और देश की समृद्ध ज्ञान परंपरा से उन्हें परिचित कराना था। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार सिंह,प्रभारी प्रधानाचार्या सुशीला कुमारी, विद्या मंदिर खंड प्रभारी सुनील सिंह एवं वाटिका खंड प्रभारी शिवनंदन शर्मा ने विद्यार्थियों को भारतीय वैज्ञानिकों के जीवन, उनके महत्वपूर्ण कार्यों तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के बारे में सरल और प्रेरणादायी जानकारी दी।इस दौरान विद्यालय में चल रहे विज्ञान सप्ताह के प्रत्येक दिन अध्ययनरत भैया बहनों ने भारतीय वैज्ञानिक डॉ एपीजे अब्दुल कलाम, डॉ विक्रम साराभाई, डॉ होमी जहांगीर भाभा, डॉ. टेसी थॉमस और डॉ. जानकी अम्मल के बारे में जानकारी साझा किए। भैया बहनों ने बताया कि भारतीय वैज्ञानिकों ने अपने कार्यों से भारत का मान बढ़ाया है। साथ ही भारत की अंतरिक्ष यात्रा, चंद्रयान, मंगलयान और अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धियों की भी जानकारी दी गई। विज्ञान के आचार्य ,दीदीजी ज्योति शरण,भोला कुमार,सुब्रत आचार्य ,बबन कुमार,संगीता कुमारी ने भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमारे देश की प्राचीन ज्ञान-विज्ञान की परंपरा आज भी विज्ञान, शिक्षा और समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों से विज्ञान को समझने, नए प्रयोग करने और देश के विकास में अपना योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने विज्ञान के प्रति जिज्ञासा बनाए रखने और नई-नई जानकारियाँ प्राप्त करने का संकल्प लिया।

# जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय समेत अन्य शिक्षकों का तबादला



**संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त संदीप कुमार द्वारा गठित जांच टीम की अनुशंसा पर जिला शिक्षा पदाधिकारी गौतम साहू ने जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका ज्योति ज्योत्सना समेत अन्य शिक्षकों का पारस्परिक प्रतिनियोजन किया है। पिछले कई दिनों से जारी गतिरोध और विवादों के बीच यह निर्णय लिया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी गौतम साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका ज्योति ज्योत्सना का तबादला उत्क्रमित उच्च विद्यालय छेंचा बरवाडीह कर दिया गया है। जबकि उक्त विद्यालय के सहायक शिक्षक पुष्पेंद्र कुमार को जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में प्रतिनियोजित किया गया है। विद्यालय की सहायक शिक्षिका अन्नपूर्णा कुमार पांडेय को उत्क्रमित उच्च विद्यालय मासियातू की सहायक शिक्षिका अंजना एक्का के स्थान पर, संदीप कुमार तिवारी को उत्क्रमित उच्च विद्यालय नावागढ़ के स्नातकोत्तर प्रशिक्षिति शिक्षक रामाकांत तिवारी के स्थामन पर, नीतू अंजना टोप्पो को सहायक शिक्षक जिला मुख्यामंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, लातेहार के नरेंद्र कुमार पांडेय के स्थान पर पारस्परिक प्रतिनियोजन किया गया है। जबकि रमन कुमार साहू को अपने मूल विद्यालय उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय चटकपुर और अनिता लकड़ा को मूल विद्यालय उत्क्रमित उच्च विद्यालय मासियातू में वापस कर दिया गया है। बता दें कि पिछले गुरुवार से जिला मुख्यालय में जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका की दर्जनों छात्राएं उपायुक्त के समक्ष विद्यालय में कथित तौर पर गिरती शैक्षणिक व्यवस्था और मध्याह्न भोजन में अनियमितता की शिकायत की थी। उसके दूसरे दिन शुक्रवार को विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य ज्योति ज्योत्सना ने विद्यालय के अन्य कई शिक्षकों द्वारा छात्रों को उकसा कर उनके साथ दवाब की राजनीति करने एवं शिक्षा विभाग के कर्मियों पर भयादोहन की बात प्रेस वार्ता में कही थी। जारी गतिरोध के कारण विद्यालय की प्रतिष्ठा धूमिल हो रही थी।

# दीपिका पांडेय सिंह का महिला सशक्तीकरण मॉडल,पूरे देश के लिए प्रेरणा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मेदिनी नगर:** किसी भी राज्य की विकास-यात्रा तभी पूर्ण मानी जाती है, जब उसकी महिलाएं केवल योजनाओं की लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास की सक्रिय भागीदार और नेतृत्वकर्ता बनें। आज झारखंड में महिला उद्यमिता, स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में जो सकारात्मक वातावरण बन रहा है, वह इस बात का संकेत है कि राज्य सामाजिक परिवर्तन के एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है। इस परिवर्तन के केंद्र में सरकार की नीतियों के साथ-साथ सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी भी दिखाई देती है।

रांची में मारवाड़ी सहायक समिति द्वारा आयोजित 'सावन सिंधारा' एवं 'परंपरा आर्ट एंड हेरिटेज एग्जीबिशन' इसी परिवर्तन का सशक्त उदाहरण है। इस आयोजन में महिलाओं ने हस्तशिल्प, परिधान, गृह-सज्जा, पारंपरिक कलाकृतियों तथा दैनिक उपयोग की अनेक उपयोगी वस्तुओं का प्रदर्शन किया। यह केवल एक प्रदर्शनी नहीं थी, बल्कि यह संदेश था कि भारतीय नारी का हुनर यदि उचित मंच, प्रशिक्षण और बाजार से जुड़े, तो वह आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिख सकती है।

झारखंड में महिला सशक्तीकरण की चर्चा आज केवल नारों तक सीमित नहीं है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था, स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय उत्पादों और महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन देने की दिशा में अनेक पहलें दिखाई देती हैं। ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह लगातार इस बात पर बल देती रही हैं कि महिलाओं को केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि अवसर, बाजार और सम्मान भी मिलना चाहिए। यह दृष्टिकोण महिला सशक्तीकरण को कल्याणकारी योजना से आगे बढ़ाकर विकास की मुख्यधारा से जोड़ता है।




'सावन सिंधारा' जैसे आयोजनों का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि वे महिलाओं को अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने, नए ग्राहकों से जुड़ने, व्यावसायिक नेटवर्क विकसित करने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। ऐसी प्रदर्शनियाँ महिलाओं के भीतर यह विश्वास पैदा करती हैं कि उनका कौशल केवल घर की चारदीवारी तक सीमित नहीं, बल्कि समाज और बाजार दोनों में सम्मानपूर्वक स्वीकार किया जा सकता है।

झारखंड की सांस्कृतिक विविधता उसकी सबसे बड़ी पूंजी है। यहां की पारंपरिक कलाएं, वस्त्र, हस्तशिल्प और लोक-संस्कृति यदि आधुनिक विपणन और तकनीक से जुड़ जाएं, तो यह राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए भी एक नया अध्याय सिद्ध हो सकता है। महिला उद्यमिता इस परिवर्तन की सबसे सशक्त कड़ी बन सकती है।

यह भी ध्यान रखने योग्य है कि महिला उद्यमिता केवल आय का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है। आर्थिक रूप से सशक्त महिला अपने परिवार की शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य में अधिक प्रभावी भूमिका निभाती है। इसलिए महिलाओं में निवेश का प्रतिफल केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और मानवीय विकास के रूप में भी सामने आता है।

मारवाड़ी सहायक समिति ने इस आयोजन के माध्यम से यह सिद्ध किया है कि सामाजिक संस्थाएँ यदि सरकार की विकासपरक सोच के साथ कदम मिलाकर चलें, तो परिवर्तन की गति कई गुना बढ़ सकती है। सरकार, उद्योग जगत, स्वयंसेवी संस्थाओं और समाज के संयुक्त प्रयास ही महिला उद्यमिता को व्यापक आधार दे सकते हैं।

अब समय आ गया है कि ऐसे आयोजन केवल राजधानी तक सीमित न रहें। प्रत्येक जिला, अनुमंडल और प्रखंड स्तर पर महिला उद्यमियों के लिए नियमित प्रदर्शनी, प्रशिक्षण शिविर, डिजाइन विकास, डिजिटल विपणन और ई-कॉमर्स से जुड़ने के अवसर उपलब्ध कराए जाएँ। स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और वैश्विक बाजार तक पहुँचाने की स्पष्ट रणनीति बनाई जाए। इससे झारखंड की सांस्कृतिक पहचान भी मजबूत होगी और लाखों महिलाओं के लिए सम्मानजनक आजीविका के नए द्वार खुलेंगे।

एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा, जब उसकी आधी आबादी आर्थिक रूप से आत्मविश्वासी और स्वावलंबी होगी। झारखंड आज इस दिशा में सकारात्मक संकेत दे रहा है। यदि महिला-केंद्रित विकास की यह सोच निरंतर आगे बढ़ती रही, तो आने वाले वर्षों में झारखंड केवल खनिज संपदा के लिए नहीं, बल्कि महिला उद्यमिता, सांस्कृतिक नवाचार और समावेशी विकास के मॉडल के रूप में भी देशभर में पहचान बनाएगा।